खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

देहरादून, सोमवार 2 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 204 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



युद्ध नहीं, शांति की जरूरत, निर्दोषों की हत्या निंदनीय: प्रियंका गांधी पेज 2



विश्व कप में साहिबजादा फरहान ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा खेल टाइम्स



न्यूट्रिशनल लेवल देखकर करें खाने-पीने की चीज़ों का इस्तेमाल सम्पादकीय



खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर पेज 12

## अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**इजरायल की** वायुसेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामेनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।

इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामेनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। खामेनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।' इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इजरायल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। इजरायली सेना आईडीएफ ने तेहरान में हमले का फुटेज जारी किया है। इसमें ईरान के रक्षा मुख्यालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया था। इजरायल के तेल अवीव में मिसाइल के टकराने से जोरदार विस्फोट हुआ। ईरान की राजधानी तेहरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई के घर के पास हमला हुआ। ईरान में इजरायली हमले के बाद कई लोग मलबे में दब -शेष पृष्ठ दो पर



- हमले में अयातुल्ला की बेटी-दामाद व बहू-पोती भी मारी गई
- ईरान बोला: खतरनाक बदला लेंगे, 40 कमांडर्स भी मारे गए, ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित की गई
- ईरान का बड़ा पलटवार, ड्रोन और मिसाइलों से इजरायल समेत मिडिल -ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया



ईरान के हमले के बाद इज़रायल के बेत शेमेश में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटा।

### अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान ने दागीं मिसाइलें

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने कहा है कि उसने अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाते हुए चार बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं, यदि यह दावा सही साबित होता है, तो दशकों बाद किसी अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर सीधा हमला माना जाएगा। आईआरजीसी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत अमेरिका और इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमले जारी हैं।

## पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर हमला, 12 लोगों की मौत

- यूएन ऑफिस में आग लगाई, कतर-दुबई में धमाके
- भारत में 350+ फ्लाइट कैंसिल की गई

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया।

माई कोलाची रोड स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास प्रदर्शन हिंसक रूप ले बैठा और प्रदर्शनकारियों की कानून-व्यवस्था बलों से झड़प हो गई। इजरायल -अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है।

## हमलों में ईरान के कमांडर-इन-चीफ, सेना के सात अफसरों की भी मौत

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान का सैन्य नेतृत्व तबाह हो चुका है। इजरायली वायुसेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर बम बरसाए, जिसके चलते ईरान को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इजरायल सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि हवाई हमलों में ईरानी रक्षा नेतृत्व के सात वरिष्ठ अधिकारी को मार दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को घोषणा की है कि ईरान में किए गए सटीक हवाई हमलों में ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रमुख सहित सात वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडर मारे गए हैं। आईडीएफ ने इन हमलों को ईरान के सैन्य और रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाला एक बड़ा संयुक्त अभियान बताया है।

## खामेनेई की मौत पर प्रदर्शनों के बाद यूपी में हाई अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो


- लखनऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर व मेरठ में लगातार निगरानी रखने के निर्देश
- लखनऊ में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से तीन दिवसीय शोक की घोषणा की गई

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद यूपी में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

इस बीच अलग-अलग जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इजरायल के हमले और खाड़ी क्षेत्र में बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि उन जिलों में सतर्कता बढ़ाई गई है, जहां शिया समुदाय की आबादी अधिक है। इनमें लखनऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ शामिल हैं। पुलिस को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह उच्चस्तरीय बैठक में कानून- व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त एहतियात बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद गृह विभाग की ओर से सभी जिलों को अलर्ट जारी किया गया। लखनऊ समेत कई जिलों में हो रहे प्रदर्शनों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि शिया बाहुल्य इलाकों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों और मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम के बीच किसी भी तरह माहौल खराब करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंसक प्रदर्शन या अराजक गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 12वां रोज़ा

## ईमान के इत्र में मगफिरत की महक है रोज़ा



रमज़ान खुशबुओं का खजाना है। इबादत, परहेजगारी का आस्ताना है। बारहवां रोजा ईमान के इत्र में मगफिरत की महक है। यानी ग्यारहवें रोज़े की फजीलत के बयान में तफसील दी गई है कि अल्लाह से गिड़गिड़ाकर बंदा जब अपने गुनाहों की माफी मांगता है और बुराइयों से बचने के लिए गुजारिश और दुआ करता है, तो यह आखिरत के एकाउंट में मगफिरत की क्रेडिट है। कुरआने पाक में मगफिरत के लिए जिस तक्वा का बार-बार जिक्र किया गया है, सब्र और सदाकत के साथ रखा गया रोज़ा उस तक्वे का एक जुज है।




## 10-12 रुपये तक महंगा हो सकता है पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अगर ये जंग लंबी चली और तेल मार्ग होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 105 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 96 तक जा सकता है। इसकी वजह ये है कि भारत अपनी जरूरत का 90 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50 प्रतिशत क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर ईरान इस रास्ते को ब्लॉक करता है, तो इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई घट जाएगी और कीमतें 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेड कर रहा हैं। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें सरकारी तेल कंपनियां तय करती हैं। पिछले 15 दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की औसत कीमत और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति पर निर्भर करती हैं। हालांकि कंपनियां बेस प्राइस तय करती हैं।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद की हवाई हमले में मौत

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद इजरायली हवाई हमले में मारे गए हैं।



बताया जा रहा है कि तेहरान में उनके ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में भारी तबाही देखी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को इजरायली वायुसेना ने तेहरान में एक इमारत पर एयरस्ट्राइक की। इसी इमारत में पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद अपने सलाहकारों और सुरक्षा कर्मियों के साथ मौजूद थे। हमले में उनके कई करीबी सहयोगी और बॉडीगार्ड भी मारे गए। बताया गया कि सुरक्षा में तैनात कुछ लोग ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड यानी आईआरजीसी से जुड़े थे।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177




## नागपुर में विस्फोटक कारखाने में भीषण धमाका, 17 की मौत

- 18 घायल, डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 से 7.15 बजे के बीच हुआ हादसा

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को भयानक हादसा हो गया। नागपुर जिले के कटोल तहसील में एक विस्फोटक कारखाने में हुए धमाके में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि विस्फोटक कारखाने में हुए विस्फोट में 17 लोग मारे गए हैं।

जानकारी के मुताबिक कि यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। एक न्यूज एजेंसी ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधियों के हवाले से बताया कि घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हर्ष पोद्दार, एसपी, नागपुर ग्रामीण ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में हुए विस्फोट में 17 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### अब होगा धर्म युद्ध का शंखनादः अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गाय और सनातन की रक्षा के लिए 11 मार्च को लखनऊ में सभा करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ को दी गई चेतावनी के 40 दिन पूरा होने पर 11 मार्च को 'धर्म युद्ध' का शंखनाद किया जाएगा। रविवार को शंकराचार्य ने कहा कि 6 मार्च को वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर काशी से लखनऊ के लिए प्रस्थान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले बड़े भगवान चिंता गणेश का पूजन पाठ होगा। संकट मोचन मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करंगे, उसके बाद यात्रा के लिए निकल जाएंगे। विभिन्न स्थानों से होते हुए लखनऊ में 11 मार्च को शीतला अष्टमी पर काशीराम मैदान में गौ ध्वज प्रतिष्ठा किया जाएगा। इसके बाद धर्म युद्ध शुरू होगा, जो लोग भी गौ माता की रक्षा के लिए आना चाहते हैं वह आएंगे। सात मार्च को जौनपुर, सुल्तानपुर से होते हुए यात्रा रायबरेली पहुंचेगी।

### गोकुल में छड़ी मार होली भाव भक्ति के साथ संपन्न

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में कान्हा नगरी मथुरा के गोकुल में रविवार को विश्व प्रसिद्ध 'छड़ी मार होली' का आयोजन उल्लास और भक्ति भाव के साथ किया गया। बरसाना और नंदगांव की लठमार होली के बाद ब्रज में फाल्गुन की मस्ती अपने चरम पर पहुंच गई है और गोकुल में प्रेम व वात्सल्य की अनूठी छटा बिखरी। उत्सव की शुरुआत ऐतिहासिक नंद भवन से हुई। यहां ठाकुर जी को भव्य पालकी डोला में विराजमान कर ढोल-नगाड़ों और 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष के बीच शोभायात्रा निकाली गई। ग्वाल-बालों की टोली झूमती-गाती नंद चौक पहुंची, जहां हुरियारिनें गोपियां हाथों में छड़ियां लिए स्वागत के लिए खड़ी थीं।

### ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत पर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन

# उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शिया समुदाय सड़क पर उतरा, लगाए नारे

**तुम एक हुसैनी मारोगे, तो हर घर से एक और हुसैनी निकलेगा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शिया समुदाय ने कड़ी नाराजगी जताते हुए यूएस और इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। लखनऊ में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर निकल आए और अमेरिका-इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। शहर के छोटे इमामबाड़ा से शुरू होकर कई प्रमुख इलाकों में पहुंचा, लोगों ने अमेरिका-इजारायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और खामेनेई को शहीद बताया।

विरोध में उतरे वक्ताओं ने खामेनेई की मौत पर दुख प्रकट करते हुए इसे खतरनाक बताया और इसे सीधे अमेरिका के आतंकवाद और साम्राज्यवाद से जोड़ा। यही नहीं विश्व युद्ध जैसी स्थिति उभरने की चेतावनी भी दी। लोगों के आक्रोश को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात रही। रविवार सुबह जैसे ही ईरानी लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर आई, शिया समुदाय शोक और आक्रोश से भर गया। शिया समुदाय ने पुराने लखनऊ के इमामबाड़ा से मार्च निकाला। इसमें खामेनेई की तस्वीरों के साथ लोग चल रहे थे। खामेनेई अमर रहें के नारों के साथ ही अमेरिका-इजरायल मुर्दाबाद के नारे सड़कों पर गूंज रहे थे। शिया धर्म गुरुओं ने इसे वैश्विक तानाशाही बताया और चेतावनी दी कि खामेनेई की मौत दबे और कुचले लोगों के लिए प्रेरणा बनेगी। वक्ताओं ने कहा कि हमारे नेता ने जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी, धर्म की परवाह किए बगैर दबे-कुचलों का साथ दिया, उनकी मौत कमजोरी नहीं, बल्कि दुनिया भर के मजलूमों के लिए हिम्मत का सबब है।



दुनियाभर के देशों से आगे आकर खामेनेई के लिए न्याय की मांग की गई है। शिया समुदाय के आक्रोश को देखते हुए शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जुलूस के साथ भी पुलिस फोर्स रही। अधिकारियों ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। इसके साथ ही खुफिया तंत्र भी एक्टिव हो गया है और लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। उधर जौनपुर में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत के विरोध में जौनपुर में हजारों शिया प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका-इजरायल के खिलाफ हमला बोला। 'हर घर से हुसैनी निकलेगा' के नारों के साथ कल्लू इमामबाड़ा पर प्रदर्शन हुआ। जिले के कोने-कोने से हजारों की संख्या में शिया समुदाय के पुरुष, महिलाएं और बच्चे सड़कों पर उतर आए, हाथों में खामेनेई के पोस्टर और काले झंडे लिए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### तीन दिन का शोक मनाएं शियाः कल्बे जवाद



मशहूर शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद ने इस हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला' करार दिया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अयातुल्ला खामेनेई हमेशा शहादत की दुआ करते थे और वे जंग लड़ते हुए शहीद हुए हैं। हमारे मजहब में शहादत सबसे बड़ा मर्तबा है। खामेनेई का खून रायगा (व्यर्थ) नहीं जाएगा। शहीद के खून के कतरे से वो इंकलाब पैदा होता है, जिसमें जालिम डूब जाते हैं। डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू ने खामेनेई को शहीद नहीं किया, बल्कि अपने खुद के 'डेथ वारंट' पर दस्तखत कर दिए हैं, उनकी मौत बेहद बदतर होगी। मौलाना कल्बे जवाद ने पूरे देश के शिया समुदाय से तीन दिवसीय शोक मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने अपील की है कि लोग स्वेच्छा से अपनी दुकानें और कारोबार बंद रखें। पूरे मुल्क में एक ही समय पर शोक सभाएं और कैंडल मार्च निकाले जाएं, घरों पर काले झंडे लगाकर विरोध दर्ज कराया जाए।

## दुनिया को युद्ध की नहीं शांति की जरूरतः प्रियंका

नई दिल्ली, वार्ता

ईरान पर हुए हमले में सुप्रीम लीडर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौतपर कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने कड़ी आलोचना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री से युद्धग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने की अपील भी की।



**भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालें पीएम**

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि किसी संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और निर्दोष लोगों की बड़ी संख्या में की गई हत्याएं, चाहे उसके पीछे कोई भी घोषित कारण बताया जाए निंदनीय हैं और उनकी कड़ी आलोचना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि अब कई देश इस संघर्ष में खींचे जा चुके हैं। दुनिया को और अनावश्यक युद्धों की नहीं, बल्कि शांति की जरूरत है। जो लोग इसके फैसले ले रहे हैं, उन्हें महात्मा गांधी के शब्द याद रखने चाहिए. आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इजरायल के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति औपचारिक समर्थन जताने के बाद हमारे पीएम प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## खामेनेई की हत्या पर भड़के ओवैसी

**ये अमानवीय है, भारत सरकार करे युद्ध रुकवाने में हस्तक्षेप**

हैदराबाद, वार्ता

अमेरिका और इजराइली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत होने पर उत्तर प्रदेश से लेकर जम्मू-कश्मीर में लोग सड़कों में उतरकर लोग यूएस और इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।

पत्रकारों से बात करते असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या को अमानवीय, गैरकानूनी और अनैतिक बताते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने कहा कि रमजान के पाक महीने में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान पर हमला किया है, नेतन्याहू इंसानियत को नहीं मानते हैं। ओवैसी ने ईरान पर हमले की निंदा करते हुए जोर देकर कहा कि युद्ध को तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से तनाव कम करने और शांति प्रयासों में रचनात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार हिंसा के ऐसे गैरकानूनी कृत्यों और खामेनेई की हत्या की स्पष्ट रूप से निंदा करेगी। हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय बताते हुए उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों सहित निर्दोष नागरिकों की हत्या स्तब्ध कर देने वाली है और मानवाधिकारों के पैरोकारों का पर्दाफाश करती है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर युद्ध जारी रहा, तो वैश्विक तेल की कीमतों में वृद्धि होगी, जिससे दुनिया भर के लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि ईरान के एक सम्मानित नेता की हत्या का ईरानी निश्चित रूप से बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि जिनेवा में शांति वार्ता चल रही थी, उसी दौरान यह हमला हुआ, यह एक कायरतापूर्ण और अमानवीय हमला है।उन्होंने कहा कि अगर यह युद्ध जारी रहा, तो तेल की कीमतें बढ़ेंगी और यहां तक कि 1 डॉलर का अंतर भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर भारी असर डालेगा।



**अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया**

## श्रीनगर में यूएस विरोधी प्रदर्शन, एमएमयू में आज हड़ताल का आह्वान

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के विभिन्न हिस्सों में रविवार को हजारों शिया मुसलमानों ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद प्रदर्शन किए।।

प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका तथा इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन श्रीनगर के अन्य हिस्सों के अलावा मध्य कश्मीर के बडगाम और उत्तर कश्मीर के बारामूला में भी हुए, जहां शिया समुदाय के पुरुषों और महिलाओं ने जुलूस निकाले। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शोक व्यक्त कर रहे लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावनाएं व्यक्त करने की अनुमति मिले। उन्होंने सभी समुदायों से शांति बनाए रखने और तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों से बचने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस घटना की निंदा की। इससे भी ज्यादा शर्मनाक और चौंकाने वाली बात यह है कि मुस्लिम देशों ने साफ या छिपा हुआ समर्थन दिया, जिन्होंने जमीर के बजाय सुविधा को चुना। हुर्रियत अध्यक्ष और कश्मीर के मुख्य धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि प्रमुख धार्मिक संगठनों के मंच 'मुत्तहिदा मजिलस-ए-उलेमा' (एमएमयू) ने सोमवार को पूर्ण हड़ताल का आह्वान किया है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81287.19
निफ्टी 25178.65



सोना 164700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 268000
प्रति किलो




## भू-राजनैतिक स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया में सप्ताहांत में बनी भू-राजनैतिक स्थितियों का रहेगा। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर हमला कर दिया। इसके उत्तर में ईरान ने भी इजराइल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकाने वाले कई देशों पर हमले किए।

निवेशकों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि क्षेत्र में परिस्थितियां किस प्रकार बदलती हैं और इन हमलों का क्या असर होता है। पूरी दुनिया के साथ भारतीय शेयर बाजारों पर भी आने वाले सप्ताह में इसका असर दिखेगा। साथ ही 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर भी बाजार पर दिखेगा। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के फरवरी के पीएमआई आंकड़े, जनवरी के औद्योगिक



उत्पादन के सरकारी आंकड़ें और वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने हैं। इन सभी कारकों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीएसई का सेंसेक्स गत सप्ताह कुल 1,527.52 अंक (1.84 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 392.60 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 25,178.65 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.43 प्रतिशत टूट गया।

## यात्री वाहनों की बिक्री में फरवरी में भी जारी रही तेजी


**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद वाहनों की बिक्री में शुरू हुई दमदार तेजी फरवरी महीने में भी जारी रही। खास बात यह रही कि फरवरी में देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में मामूली वृद्धि हुई, जबकि अन्य कंपनियों की बिक्री में तेज वृद्धि दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने रविवार को बताया कि घरेलू बाजार में उसकी कुल बिक्री 1,64,130 इकाई रही। पिछले साल यह आंकड़ा 1,63,501 इकाई था। हालांकि निर्यात में 56-49 प्रतिशत की अच्छी बढ़ोतरी के कारण उसकी कुल बिक्री में 7.32 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। माह के दौरान कंपनी ने कुल 39,155 वाहनों का निर्यात किया और उसकी कुल बिक्री 2,13,995 इकाई हो गई। इसमें दूसरी कंपनी (सुजुकी) के बेचे गए 10,710 वाहन भी शामिल हैं। घरेलू बाजार में कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री 1,61,000 इकाई और हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,130 इकाई पर रही। यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल हैं। टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल की घरेलू बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 62,329 इकाई रही। कंपनी ने 1,002 वाहनों का निर्यात किया जो सालाना आधार पर 167 प्रतिशत की वृद्धि दिखता है। इस प्रकार उसकी कुल बिक्री 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 63,331 इकाई दर्ज की गई। साथ ही उसके इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 57 प्रतिशत बढ़कर 8,385 इकाई पर पहुंच गई।

## चावल, चीनी में साप्ताहिक तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों, दालों में घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 23 रुपये सस्ता होकर 2,834 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटा की कीमत भी 18 रुपये गिरकर 3,310 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार.चढ़ाव रहा। सरसों तेल औसतन 27 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 227 रुपये और सूरजमुखी तेल 80 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 79 रुपये और पाम ऑयल की 67 रुपये बढ़ी। सोया तेल 54 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के



औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे-दाल- दलहनः दाल चना 7757.19 रुपये, मसूर काली 8055.59 रुपये, मूंग दाल 10183.14 रुपये, उड़द दाल 10752.22 रुपये, तुअर दाल 11167.83 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.27 रुपये और चावल 3852.75 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.03 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4310.23 रुपये और गुड़ 5007.35 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17650.61 रुपये, मूंगफली तेल 18390.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16572.78 रुपये, सोया तेल 14131.21 रुपये, पाम ऑयल 12794.84 रुपये और वनस्पति 14585.32 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## पुडुचेरी का मिली 2700 करोड़ की बड़ी सौगात

**पुडुचेरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 2700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने इसी धरती से राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने श्ठम्ैज् पुडुचेरीश का मंत्र दिया था- जिसका मतलब है बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में यह विजन फल दे रहा है। पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं। इस वर्ष के बजट में 12 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे पुडुचेरी में बेहतर सड़कें, पेयजल आपूर्ति, तटीय ढांचा, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुडुचेरी को कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत विशेष सहायता दी गई है, जो पहले केवल राज्यों के लिए उपलब्ध थी। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ज्यादा फंडिंग का मतलब है बेहतर सड़कें, पानी की सप्लाई, कोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल, अस्पताल और ऐसे कई प्रोजेक्ट। एनआईटी कराईकल में नया डा. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और माडर्न हास्पिटल की सुविधाएं कई स्टूडेंट्स के लिए टेक्निकल एजुकेशन को मजबूत करेंगी। पुडुचेरी विवि में भी आधारभूत ढांचे का विस्तार किया गया है।

**पीएम मोदी ने कांग्रेस और डीएमके शासन पर साधा निशाना**

## मोदी सरकार की विदेश नीति बहुत कमजोरः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल और देशहित के विपरीत बताते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की स्थिति कमजोर हुई है इसलिए इसमें पुनर्विचार की जरूरत है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण भारत के प्रति दुनिया के रुख में बदलाव दिख रहा है और अमेरिका का रुख भारत की तुलना में पाकिस्तान की तरफ नरम है जिसे विफल विदेश नीति का परिणाम कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रुख पाकिस्तान के प्रति नरम है और यही कारण है कि श्री ट्रम्प पहलगाम आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्ति की सार्वजिनक सराहना कर रहे हैं। उनका कहना था कि अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ



पाकिस्तान की कार्रवाई का समर्थन किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गत 2 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी घोषणा की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामला उठाया लेकिन मुद्दों से ध्यान हटाने की सरकार ने कोशिश की। बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प की आयात शुल्क नीति को अवैध करार दिया।

## कोर्ट का फैसला बीजेपी व सरकार के गाल पर तमाचाः केजरीवाल

**नई दिल्ली**। दिल्ली आबकारी नीति मामले में आप संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के डिस्चार्ज होने के बाद आज जंतर-मंतर पर केजरीवाल ने एक जनसभा में कहा कि बस मार्शलों और निकाले गए कर्मचारियों से भी मैं बात करूंगा। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ आप लोगों के साथ नहीं, पूरी दिल्ली के साथ धोखा किया। पूर्व सीएम ने कहा कि परसों दिल्ली की एक अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला किया कि ये दिल्ली वालों के पक्ष में है। उन्होंने कहा मैं आपको बधाई देना चाहता हूं। मैं जज साहब का धन्यवाद करना चाहता हूं कि ऐसे डर के माहौल में ऐसा धाकड़ फैसला दिया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 4 सालों से मोदी और शाह ने साजिश रची कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचारी है, लेकिन जज साहब ने फैसला सुनाया कि मोदी जी आप झूठ बोल रहे हैं, अरविंद केजरीवाल ईमानदार हैं। अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है, ये 600 पेज का कोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश थी। कोर्ट का ये फैसला बीजेपी और मोदी जी के गाल पर तमाचा है। केजरीवाल ने कहा कि आज मैं अपनी नहीं, देश की बात करने आया हूं, मुझे देश से प्यार है, आई लव इंडिया। मैं जब आईआईटी में था, तो मेरे बहुत अच्छे नंबर आते थे, मैं अमेरिका जा सकता था, लेकिन नहीं गया। क्योंकि देश के लिए कौन काम करता। जब मैं इनकमटैक्स में असिस्टेंट कमिश्नर था, तो एक सीए आया और बोला कि क्या सेवा करनी है, मैंने मना कर दिया। पूरे डिपार्टमेंट में फैल गया कि अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। लोग केजरीवाल की कसमें खाने लगे। फिर मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री बना, पता नहीं मोदी जी मुझसे क्यों नफरत करते हैं, मैंने तो उनका कुछ नहीं बिगाड़ा, जो इतनी जांच कराई।



**मोदी जी मुझसे इतनी नफरत क्यों? जंतर-मतर पर बोले-मैंने तो कुछ नहीं बिगाड़ा**

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम लीडर...**

गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू आपरेशन चलाकर निकाला गया। अमेरिका और इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजरायल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजरायल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

# होली हमारी समृद्ध लोक परंपरा और सांस्कृतिक पहचान : सीएम

- काशीपुर रंगोत्सव होली मिलन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री , जनसमुदाय संग साझा की होली पर्व की खुशियां, होली मिलन समारोह में जनता ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुर नगर निगम परिसर में आयोजित रंगोत्सव होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने पारंपरिक कुमाऊँनी होली, शास्त्रीय होली एवं भजन गायन के साथ जनसमूह के साथ होली गायन में प्रतिभाग किया।मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज होली महोत्सव के माध्यम से आप सभी के बीच आकर इस पावन पर्व को मनाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए काशीपुर नगर निगम की पूरी टीम को बधाई एवं होली की शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम का आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजकर उन्हें नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता होती है जब ऐसे आयोजनों में हमारी माताएँ, बहनें, युवा साथी और सभी नागरिक बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और मिलजुलकर इस पर्व को उत्साह और आनंद के साथ मनाते हैं। क्योंकि होली मात्र रंग लगाकर धूम मचाने का ही त्योहार नहीं है, बल्कि यह परस्पर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव बढ़ाने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि यह रंगों का त्योहार हमें याद दिलाता है कि जीवन की सच्ची खुशियाँ अपनापन बढ़ाने में ही हैं।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ होली खेलकर उत्सव की खुशियों को साझा किया और सभी को सुख, शांति एवं समृद्धि से परिपूर्ण होली की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, शिव अरोरा, मेयर दीपक बाली, मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा, मुकेश कुमार, मंजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, गुंजन सुखीजा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सायरा बानो, खिलेन्द्र चौधरी, ऊषा चौधरी, राज.ेश कुमार, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, सीएमओ डॉ. के. के. अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल सहित अन्य जनप्रति. निधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने बाल्यकाल की होली पर की यादें की साझा

अपने बाल्यकाल की होली की यादें साझा करते हुए कहा कि उन्हें आज भी याद है कि वे बचपन में होली का कितनी उत्सुकता से इंतजार किया करते थे। रंगों का उत्साह तो होता ही था, लेकिन इस समय घर में बनने वाले पकवानों से जो खुशबू आती थी, उसकी बात ही कुछ निराली होती थी। उन्होंने कहा कि गाँव की वह सामूहिक होली, जहाँ न ऊँच-नीच का भेद होता था और न ही छोटे-बड़े का अंतर, सब एक साथ एक रंग में रंग जाते थे। जब ढोल-दमाऊँ की गूंज उठती थी और हुड़के एवं ढोलक की थाप पर होली के गीत शुरू होते थे, तो पूरा वातावरण भक्ति और उमंग के अद्भुत मिश्रण से भर जाता था। उन्होंने कहा कि आज इस महोत्सव में वही अटूट एकता, वही प्रेम और वही आपसी भाईचारा देखकर मेरा मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि जब भी मैं अपनी माताओं-बहनों और युवा साथियों को अपनी लोक-संस्कृति का गौरव बढ़ाते हुए देखता हूँ, तो मेरा यह विश्वास दृढ़ हो जाता है कि हमारी सांस्कृतिक जड़ें आज भी बहुत गहरी हैं और बदलते समय के साथ ये समाप्त नहीं हो रही हैं, बल्कि नई पीढ़ी तक भी पहुँच रही हैं।

## कहा - हमें हमारी मिट्टी और हमारी संस्कृति से जोड़कर रखते हैं पर्व और उत्सव

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पर्व और उत्सव केवल परंपराएँ नहीं हैं, ये हमारी पहचान हैं। यही हमें हमारी मिट्टी और हमारी संस्कृति से जोड़कर रखते हैं। इसी भावना से हमारी सरकार देवभूमि की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उसे नई पीढ़ी तक सुरक्षित पहुँचाने के लिए अपने "विकल्प रहित संकल्प" के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व भारत की प्राचीन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और जीवंत परंपराओं की ओर आकर्षित हो रहा है, तब ऐसे समय में हमारा दायित्व और भी अधिक बढ़ जाता है कि हम अपनी लोकसंस्कृति को केवल उत्सव तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने विशेष रूप से युवा साथियों से आग्रह करते हुए कहा कि आधुनिकता के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखें। अपने लोकगीतों, त्योहारों और परंपराओं को जानें, समझें और गर्व के साथ उन्हें आगे बढ़ाएँ। क्योंकि जो समाज अपनी संस्कृति को संजोकर चलता है, वही सच्चे अर्थों में मजबूत और समृद्ध बनता है।

## मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी है। होली पर्व की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि होली रंग और उल्लास के त्योहार के साथ ही हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक समरसता तथा एकता की भावना को भी सुदृढ़ बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली केवल रंगों का ही त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति, शास्त्रीय संगीत परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता की जीवंतता तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति का यह महत्वपूर्ण पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का भी संदेश देता है। यही नहीं होली के अवसर पर होने वाले विभिन्न आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के भी सशक्त माध्यम बनते हैं। होली का यह पर्व प्रदेश में समृद्धि और उन्नति के रंग लेकरआये ऐसी बाबा केदार से कामना की है।

## हेल्थ और फिटनेस जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**देहरादून :** चरदीकला वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आज मसल फैक्ट्री जिम, वसंत विहार में हेल्थ और फिटनेस जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में तेजिंदर सिंह बॉबी, फिटनेस एक्सपर्ट, मोटिवेशनल स्पीकर एवं 6 बार के विभिन्न क्षेत्रों में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर शामिल रहे। चरदीकला वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा आयोजित इस सेमिनार में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए तेजिंदर सिंह बॉबी ने कहां ष्यह युवा शक्ति, परिवार और समाज की बेहतर सेहत के लिए एक प्रेरणादायक और जोश से भरपूर पहल हैं। यह समय है अपने शरीर, अपनी सेहत और अपने भविष्य के लिए सही फैसला लेने का।कार्यक्रम में फिटनेस एक्सपर्ट आस्तीक थपलियाल, सुखजिंदर सिंह, नवीन कुमार, राहुल निर्मानिया, प्रदीप असवाल, राजा शर्मा, अनुज,राहुल एवं रजत के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

## राज्य सरकार सैनिकों के सम्मान और कल्याण के लिए वचनबद्ध : जोशी

- सैनिक कल्याण मंत्री ने किया 16वीं बटालियन गढ़वाल राइफल्स के 46वें स्थापना दिवस को संबोधित



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज कारगी चौक स्थित एक निजी वेडिंग प्वाइंट में 16वीं बटालियन गढ़वाल राइफल्स के 46वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम के दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने वीरांगनाओं और वीर नारियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों को स्थापना दिवस एवं होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गढ़वाल राइफल्स वीरता, अनुशासन और देशभक्ति की मिसाल है तथा उत्तराखंड वीरों और राष्ट्रभक्तों की भूमि है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश की सेना में लगभग 17. 5 प्रतिशत सैनिक उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य से आते हैं, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सैनिक देश सेवा के बाद सामाजिक क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री ने आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए एक लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में कैप्टन आनंद सिंह राणा, गिरीश चंद्र जोशी, उपाध्यक्ष देवकिशन पटवाल, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कंडारी, महासचिव हरीश चंद्र सकलानी, सूबेदार मेजर ओनरी कैप्टन गणेश सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित अनेक पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां उपस्थित रहीं।

## काशीपुर का विकास प्रतिबद्धता से कर रही सरकार : धामी

- काशीपुर में 133 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर पार्क किया जा रहा विकसित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** जनपद उधम सिंह नगर के काशीपुरनगर निगम परिसर में आयोजित रंगोत्सव होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरानमुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार काशीपुर के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विकास केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीन पर दिखाई दे और हर नागरिक को उसका लाभ मिले। इसी दिशा में काम करते हुए काशीपुर में 133 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर पार्क विकसित किया जा रहा है। इसमें 16 औद्योगिक इकाइयों का आवंटन हो चुका है, जो आने वाले समय में युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करेगा। इसी प्रकार काशीपुर-रामनगर राजमार्ग को चार लेन में उन्नत करने के लिए 494 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। साथ ही 3 किलोमीटर लंबा मिनी बाईपास भी प्रारंभ हो चुका है। इसके अतिरिक्त 4 करोड़ रुपए की लागत से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का निर्माण किया गया है और 7 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से काशीपुर, हरिद्वार एवं ऋषिकेश में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की सुविधा शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 1950 करोड़ रुपए की फंडिंग से काशीपुर में पेयजल, सीवरेज, सड़क सुधार एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे महत्वपूर्ण कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मूलभूत सुविधाओं के मामले में काशीपुर किसी भी अन्य क्षेत्र से पीछे न रहे। रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 1100 करोड़ रुपए की औद्योगिक हब परियोजना तथा 100 करोड़ रुपए की अरोमा पार्क परियोजना पर भी कार्य चल रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर में बहुमंजिला पार्किंग और नए तहसील कार्यालय का निर्माण कार्य भी जारी है। इसके साथ ही हमारी सरकार काशीपुर के चौती मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर से जोड़कर इसे एक प्रमुख सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विक. सित करने के लिए भी कार्य कर रही है। क्योंकि हमारा लक्ष्य है कि काशीपुर आस्था और श्रद्धा की नगरी के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। उन्होंने कहा कि काशीपुर हमारी देवभूमि का प्रवेश द्वार है। यहाँ से गुजरने वाला हर यात्री देवभूमि की गरिमा, स्वच्छता और सांस्कृतिक भव्यता का अनुभव करे, इसी दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी का साथ एवं आशीर्वाद हमें आगे भी इसी प्रकार प्राप्त होता रहेगा और हम सभी मिलकर काशीपुर को एक समृद्ध, स्वच्छ और विकसित नगर बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प को अवश्य पूर्ण करेंगे।

## प्रदेश के हर ब्लॉक में रेडियोलॉजिस्ट एवं टेक्नीशियन होंगे तैनात : रावत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने श्रीनगर बेस चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के 95 ब्लॉकों में रेडिलॉजिस्ट और टैक्नीशियन तैनात किये जायेगे। जबकि महिलाओं के स्वास्थ्य को देखते हुए हर ब्लॉक में एक महिला डॉक्टर तैनात होगी। ताकि महिलाओं को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें ना हो। उन्होंने कहा कि भारत का पहला प्रदेश बनेगा, जहां हर ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी उक्त सुविधाएं बहाल हो जायेगी।

कहा कि प्रदेश के हर ब्लॉकों के अस्पतालों में टैक्नीशियनों की नियुक्ति होने के साथ ही एक्सरें मशीन दी जा रही है। इसके साथ ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति हो के साथ ही हर ब्लॉक के अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की मशीन स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि उक्त सुविधा से एक ब्लॉक के लोगों को अन्य स्थानों पर जांच कराने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। वहीं अल्ट्रासाउंड की सुविधा ब्लॉक लेबल पर होने से गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए अन्यंत्र नहीं जाना पड़ेगा। कहा कि इसके साथ ही हर ब्लॉक में एक महिला डॉक्टर की तैनाती की जायेगी। ताकि महिला प्रसव वाली महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ ही अन्य महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का निदान कर सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उक्त सुविधा जल्द बहाल होने से उत्तराखंड राज्य पूरे भारत वर्ष का पहला राज्य बनेगा। उन्होंने सर्विकल कैंसर के विरूद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण शुरु करने तथा स्वास्थ्य संबंधी तमाम सुविधाओं के लिए राज्य को मजबूत बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया।

## धामी के वन-क्लिक से जारी हुई फरवरी 2026 की पेंशन किश्त

- 9.57 लाख से अधिक लाभार्थी लाभान्वित, सीएम ने पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के सख्त निर्देश दिए, हर पात्र तक पहुंचे योजना का लाभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेंशन प्रकरणों का निस्तारण पूर्ण तत्परता और समयबद्धता के साथ किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पेंशन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक योग्य लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान संचालित किया जाए और वंचित एवं कमजोर वर्गों को योजनाओं से जोड़ने के लिए नवाचार आधारित प्रभावी कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यभर में आयोजित शिविरों का व्यापक सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है, जिसके परिणामस्वरूप पेंशनार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनशील और प्रतिबद्ध कार्यशैली का प्रमाण बताते हुए निर्देश दिए कि दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में ऐसे विशेष अभियान निरंतर जारी रखे जाएँ ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित किया जा सके

मुख्यमंत्री धामी रविवार को मुख्यमंत्री आवास में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे बैठक में मुख्यमंत्री धामी के करकमलों द्वारा समाज कल्याण विभाग की माह फरवरी 2026 की पेंशन किश्त का वन-क्लिक के माध्यम से सफलतापूर्वक भुगतान किया गया। इस अवसर पर कुल 9,57,651 लाभार्थियों को 14,191. 61 लाख अर्थात 141 करोड़ 91 लाख 61 हजार की धनराशि वित. रित की गई।

यह राशि मासिक पेंशन के साथ-साथ एरियर भुगतान को भी सम्मिलित करती है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है।फरवरी माह में वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 5,93,184 लाभार्थियों को प्रति माह 1500 की दर से 8897.76 लाख की धनराशि वितरित की गई, जबकि विधवा पेंशन योजना के तहत 2,31,593 लाभार्थियों को 1500 प्रतिमाह की दर से 3473. 895 लाख का भुगतान किया गया। दिव्यांग पेंशन योजना में 87,477 लाभार्थियों को 1500 प्रतिमाह के अनुसार 1312.155 लाख की राशि हस्तांतरित की गई। किसान पेंशन योजना के अंतर्गत 27,638 लाभार्थियों को 1200 प्रतिमाह की दर से 331.656 लाख वितरित किए गए। परित्यक्ता पेंशन योजना में 8,096 लाभार्थियों को 1200 प्रतिमाह के अनुसार 97.24 लाख की राशि दी गई, जबकि भरण-पोषण अनुदान योजना के अंतर्गत 7,409 लाभार्थियों को 700 प्रतिमाह की दर से 51.86 लाख वितरित किए गए। तीलू रौतेली पेंशन योजना में 2,125 लाभार्थियों को 1200 प्रतिमाह के अनुसार 25. 5 लाख की राशि प्रदान की गई तथा बौना पेंशन योजना के तहत 129 लाभार्थियों को 1200 प्रतिमाह की दर से 1.55 लाख की धनराशि हस्तांतरित की गई।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सामा. जिक सुरक्षा योजनाएँ केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि राज्य सरकार की संवेदनशीलता, सामा. जिक न्याय और समावेशी विकास के संकल्प की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। बैठक में सचिव श्रीधर बाबू अद्यांकी, अपर सचिव संदीप तिवारी, संजय सिंह टोलिया सहित समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सम्मेलन में सिराजुद्दीन ने रखा भारत का पक्ष

- काजी निजामुद्दीन के पुत्र ने बढ़ाया उत्तराखंड का मान ,ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के छात्र हैं काजी सिराजुद्दीन



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** न्यूजीलैंड की आर्थिक राजधानी माने जाने वाले ऑकलैंड में विश्व की वर्तमान आर्थिक स्थिति और वित्तीय नीतियों पर अंत. रराष्ट्रीय व्याख्यानशाला का आयोजन किया गया। "दृष्टिकोण-2026: वैश्विक प्रवृत्तियाँ से स्थानीय प्रभाव" विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में विश्व के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र और अर्थशास्त्री शामिल हुए।

कार्यक्रम में बैतपेजवचीमत स्न०वद ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने न्यूजीलैंड और भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक बाजार में उपयोगिता, आपसी समन्वय और सतत विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलती विश्व अर्थव्यवस्था में साझेदारी और संतुलित विकास अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर हरियाणा स्थित ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्र व मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन के पुत्र काजी सयैद सिराजुद्दीन ने छात्र प्रतिनिधिमंडल की ओर से भारत के आर्थिक सुधारों और निरंतर विकास प्रक्रिया पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने भारत में संरचनात्मक सुधारों, उद्यमिता को बढ़ावा देने और डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके प्रस्तुतीकरण की उपस्थित विद्वानों ने सराहना की।कार्यक्रम के दौरान काजी सिराजुद्दीन ने प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से विशेष भेंट की। प्रधानमंत्री ने उनके साथ छायाचित्र लिया और उनके विचारों की प्रशंसा करते हुए सभी छात्र प्रतिनिधियों को अपने साथ भोजन के लिए आमंत्रित किया। विश्व. विद्यालय के अनुशासनाध्यक्ष प्राध्यापक ने प्रधानमंत्री को काजी सिराजुद्दीन का परिचय कराते हुए बताया कि उनका परिवार लगभग 100 वर्षों से भारतीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। उनके परदादा काजी अब्दुल वली अंग्रेजी शासनकाल में विधान परिषद सदस्य रहे, दादा काजी मो. हिउद्दीन उत्तर प्रदेश में तीन बार मंत्रिमंडल मंत्री, सात बार विधायक और उत्तराखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष रहे। उनके पिता काजी निजामुद्दीन चार बार विधायक रह चुके हैं और वर्तमान में भी उत्तराखंड विधानसभा के सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त उनके परनाना सैयद सईदुल हसन उत्तर प्रदेश में चार बार मंत्रिमंडल मंत्री रहे। परिवार के अन्य सदस्य सैयद सईद मुर्तजा मंत्री व सांसद तथा सईदुज्जमा उत्तर प्रदेश में गृह राज्य मंत्री के पद पर रहे।

उत्तराखंड और हरिद्वार का मान बढ़ाने पर विभिन्न वर्गों, सभी राजनीतिक दलों तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने काजी सिराजुद्दीन को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है।

## टिहरी लेक फेस्टिवल में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

- प्रतिभागियों को मिलेगी भारी छूट, छह से नौ मार्च तक होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद में पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से आगामी छह से नौ मार्च तक टिहरी लेक फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया जा रहा है। हिमालयन ओ टू नाम से आयोजित होने वाला यह महोत्सव शासन प्रशासन और स्थानीय लोगों की शानदार जन सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनने जा रहा है। जिला प्रशासन और उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देश भर से बड़ी संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। प्रतिभागियों को हर संभव सुविधा और राहत देने के लिए स्थानीय स्तर पर एक बेहतरीन पहल की गई है। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने बताया कि इस महोत्सव में पंजीकरण कराने वाले सभी प्रतिभागियों को स्थानीय होटलों और होमस्टे के किराए में बीस प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। इसके साथ ही साहसिक खेलों के शौकीनों को वाटर स्पोर्ट्स गति. विधियों में पच्चीस प्रतिशत तक की भारी रियायत मिलेगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय होटल संचालकों और वाटर स्पोर्ट्स से जुड़े निजी कारोबारियों ने स्वयं आगे आकर यह सराहनीय निर्णय लिया है जिससे पर्यटकों का उत्साह और दोगुना हो गया है। इस चार दिवसीय लेक फेस्टिवल के दौरान देश भर से आने वाले पर्यटक उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक खानपान से भी रूबरू होंगे। इसके लिए महोत्सव में मास्टर शेफ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें विशेष रूप से स्थानीय पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा। वहीं फैशन शो में भी प्रतिभागी पहाड़ की पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों से सजे नजर आएंगे। महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण छह मार्च को कोटी कॉलोनी में होने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेगा जिसमें सुप्रसिद्ध पांडवाज बैंड अपनी शानदार प्रस्तुति देगा। इसके साथ ही पहाड़ के महान योद्धा वीर भड़ माधो सिंह भंडारी की वीरगाथा पर आधारित भव्य नाट्य प्रस्तुति भी दी जाएगी। महोत्सव के अन्य दिनों में भी विभिन्न स्थानीय कलाकार अपनी कला का जलवा बिखेरेंगे।

इस महोत्सव के अंतर्गत जनपद के अलग अलग भौगोलिक क्षेत्रों में ट्रैकिंग माउंटेन बाइकिंग रॉक क्लाइंबिंग और रिवर राफ्टिंग जैसी कई रोमांचक पर्यटन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन का मुख्य लक्ष्य इन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देश विदेश के पर्यटकों को जिले की अपार पर्यटन संभावनाओं से करीब से परिचित कराना है।



# चारधाम यात्रा से पहले रुद्रप्रयाग को बड़ी सौगात

■ केदारनाथ-बद्रीनाथ हाईवे का होगा सीधा मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी चारधाम यात्रा से ठीक पहले रुद्रप्रयाग को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलने जा रही है।

अलकनंदा नदी पर बन रहा बहुप्रतीक्षित पुल अब अपने अंतिम चरण में है। पुल के तैयार होते ही केदारनाथ और बद्रीनाथ हाईवे का सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा, जिससे शहर के मुख्य बाजार में हर साल लगने वाले जाम का झाम काफी हद तक खत्म हो जाएगा।



156 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 900 मीटर लंबी सुरंग का निर्माण पहले ही पूरा किया जा चुका है। अब अलकनंदा नदी पर लगभग 200 मीटर लंबे पुल का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। निर्माण एजेंसियां शेष कार्यों को तेजी से अंतिम रूप देने में जुटी हैं ताकि यात्रा सीजन से पहले इसे चालू किया जा सके। पुल के संचालन में आते ही बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले तीर्थयात्रियों को रुद्रप्रयाग शहर के भीतर प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

यात्री सीधे वैकल्पिक मार्ग से अपने गंतव्य की ओर बढ़ सकेंगे। इससे जहां ट्रैफिक दबाव में भारी कमी आएगी, वहीं यात्रा समय भी घटेगा और स्थानीय लोगों को भी जाम की समस्या से राहत मिलेगी। चारधाम यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच यह पुल प्रशासन की बड़ी तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। यदि सब कुछ तय समय पर पूरा हुआ, तो इस वर्ष की यात्रा अपेक्षाकृत अधिक सुगम और व्यवस्थित रहने की उम्मीद है।

वहीं, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि "बद्रीनाथदृकेदारनाथ हाईवे को जोड़ने के लिए अलकनंदा नदी पर पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। हमारा प्रयास है कि आगामी चारधाम यात्रा से पूर्व इसे पूर्ण कर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी जाए, जिससे रुद्रप्रयाग शहर में लगने वाले जाम से आमजन और तीर्थयात्रियों को बड़ी राहत मिल सके।

### नशामुक्त होली मिलन में रंगा शिव शक्ति मंदिर प्रांगण

**कोटद्वार।** ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति एवं देवभूमि उत्कर्ष सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में पदमपुर मोटाढांक स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में नशामुक्त होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉ चंद्रमोहन बड़थ्वाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रकाश कोठारी व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश भारद्वाज, डॉ रमाकांत कुकरेती, दुर्गा मंदिर समिति की अध्यक्ष देवकी रावत मंचासीन रहे। कार्यक्रम का सुसंस्कृत एवं प्रभावी संचालन मनमोहन काला द्वारा किया गया। इस अवसर पर काव्य पाठ एवं होली गीतों की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम में सुनीता रानी मंमगाई, डॉ चंद्रमोहन बड़थ्वाल, डॉ रमाकांत कुकरेती, सुंदर लाल जोशी, इंजीनियर जगत सिंह नेगी, दिनेश चौधरी, जगदीश भारद्वाज, रेखा ध्यानी आदि मौजूद रहे।

# जाखणी और नैथाणा के ग्रामीणों को मिलेगा सुचारु पानी

■ विधायक कंडारी ने किया 91.38 लाख हजार रुपये की योजना का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के जाखणी और नैथाणा में क्षेत्रवासियों को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर रविवार को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने 91 लाख 38 हजार रूपये से बनने वाली दो योजनाओं का शिलान्यास किया।

उन्होंने जाखणी में 81.26 लाख रूपये की लागत से बनने वाला आरबीएफ ट्यूबवेल का निर्माण कार्य और नैथाणा में 10 लाख 12 हजार रूपये की लागत से 250 मिमी व्यास के बोरवेल, पम्प हाउस निर्माण एवं अन्य आवश्यक



कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि ग्रामीणों को नियमित पेयजल उपलब्ध करवाएं जाने कै लेकर वह लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि दोनों ही योजनाओं से अब ग्रामीणों की पेयजल सम्बंधित दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुँवर, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश मोहन मैठाणी, आशा पौनुली, अधिशासी अभियंता नरेश पाल, कनिष्ठ अभियंता राहुल कोठियाल, मंडल अध्यक्ष कुलदीप रावत, किरण सिलवाल, नवीन नेगी, मनोज जोशी, अमित मेवाड़, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्गा रावत, रणजीत जाखी, विजय राम गोदियाल, अमरजीत सिंह, सविता सहित आदि मौजूद थे।

# पारंपरिक बैठकी होली में होल्यारों की प्रस्तुतियों ने समा बांधा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र के ग्रीन वैली रेस्टोरेंट में आयोजित पारंपरिक बैठकी होली कार्यक्रम में होल्यारों ने रंगारंग और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। शास्त्रीय रागों पर आधारित होली गीतों की मधुर धुनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन के साथ हुई, जिसके बाद अनुभवी होल्यारों ने हारमोनियम और तबले की संगत में रंग डालो रे तथा कृष्ण-भक्ति से ओतप्रोत पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए। देर शाम तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और संगीत का आनंद लिया। इस मौके पर आयोजक भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण ने कहा कि बैठकी होली उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है, जिसमें शास्त्रीय संगीत की छटा के साथ फागुन के उल्लास का संगम देखने को मिलता है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत की धर्मपत्नी डा. दीपा रावत, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रमिला भंडारी, दीपा भट्ट, डा. सुभाष पांडेय, लता पांडेय, प्रकाश चमोली, वासुदेव कंडारी सहित आदि मौजूद थे।

# लघु डाल नलकूप खंड उत्तरकाशी के पंप ऑपरेटरों ने जताया रोष

■ 7 सूत्रीय मांगों को लेकर रोपाई के समय हड़ताल की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला ( उत्तरकाशी )।** लघु डाल नलकूप खण्ड के अंतर्गत कार्यरत पंप ऑपरेटरों ने वर्षों से लंबित अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर विभाग के समक्ष रोष जताया है। ऑपरेटरों का कहना है कि वे लघु डाल नलकूप खण्ड, उत्तरकाशी में विगत कई वर्षों से कार्यरत हैं, जिनमें अनेक कर्मचारियों को 18 से 20 वर्ष तक की सेवा हो चुकी है, इसके बावजूद उन्हें आज तक स्थायी अथवा समान वेतन का लाभ नहीं मिल पाया है। पंप ऑपरेटरों के अनुसार वर्तमान में ठेकेदार व्यवस्था के तहत उन्हें केवल 12 से 14 दिन की मजदूरी दी जाती है, जबकि



उनसे 24 घंटे ड्यूटी करवाई जाती है। ऑपरेटरों द्वारा नलकूपों के संचालन के साथ-साथ उनकी देखरेख एवं रखरखाव का कार्य भी किया जा रहा है, फिर भी श्रम के अनुरूप वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि इस संबंध में 19 सितंबर 2025 को संयुक्त रूप से विभागीय अधिकारियों एवं उत्तरकाशी के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन आज तक उनकी समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।ऑपरेटरों की प्रमुख मांगों में ठेकेदार व्यवस्था समाप्त कर विभागीय भुगतान की व्यवस्था लागू करना, समान कार्य के लिए समान वेतन व नियमितीकरण, 783 रुपये प्रतिदिन की दर से पूरे महीने का वेतन बिना जीएसटी कटौती के भुगतान, वर्दी भत्ता, टॉर्च, जूते जैसी आवश्यक सुविधाएं, सभी लिफ्टों पर टूल किट उपलब्ध कराना तथा निर्माण के समय से सभी ऑपरेटरों को ज्वाइनिंग लेटर प्रदान करना शामिल है। इसके साथ ही कर्मचारियों ने विद्युत विभाग की तर्ज पर सभी पंप ऑपरेटरों का बीमा किए जाने की मांग भी रखी है, ताकि कार्य के दौरान किसी दुर्घटना की स्थिति में परिवार को सुरक्षा मिल सके। पंप ऑपरेटरों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र अमल में नहीं लाया गया तो रोपाई के महत्वपूर्ण समय में सभी ऑपरेटर अपने-अपने लिफ्टों पर बैठकर हड़ताल करेंगे। कर्मचारियों ने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या की संपूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी।

वहीं पंप ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष रामराज सिंह चौहान ने स्पष्ट कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो रोपाई के समय सभी ऑपरेटर अपनी-अपनी लिफ्टों में कार्य बंद कर देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## एक नजर .......

### कोटद्वार पुलिस ने तीन हजार के इनामी वांछित अभियुक्त को बिजनौर से किया गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** जनपद में वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में कोतवाली कोटद्वार पुलिस द्वारा वांछित एवं इनामी अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया तथा संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश एवं सुरागरसी की कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में कोतवाली कोटद्वार में पंजीकृत अपराध संख्या- 77 25, धारा 305(।) 317(2) 331 बीएनएस से संबंधित 3 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त सोनू शर्मा पुत्र रोहतश शर्मा, निवासी- सराय डबल फाटक,थाना- कटघर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, जो काफी समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था, पुलिस टीम द्वारा निरंतर प्रयास, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप अभियुक्त को शनिवार देर रात जनपद बिजनौर उ0प्र0 से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### कण्डीसौड़ में यूकेडी ने जनता के साथ मनाया होली मिलन समारोह, लोक संस्कृति की दिखी झलक

**नई टिहरी।** थौलधार विकासखंड के मुख्यालय कण्डीसौड़ में रविवार को उत्तराखंड क्रांति दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ पूरे उल्लास के साथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान यूकेडी कार्यकर्ताओं ने कण्डीसौड़ बाजार क्षेत्र में पारंपरिक होली गीत गाकर स्थानीय लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ जमकर रंग गुलाल खेला। कार्यक्रम की शुरुआत बाजार से होते हुए कण्डीसौड़ मेला ग्राउंड में एक बड़े समारोह के रूप में संपन्न हुई जहां उपस्थित लोगों ने एक दूसरे के साथ रंगोत्सव मनाते हुए समाज में आपसी भाईचारे और एकता का मजबूत संदेश दिया। कार्यक्रम में यूकेडी के वरिष्ठ नेता चंदन सिंह राणा ने सभी क्षेत्रवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि होली का यह पावन त्योहार मानव जीवन में नए उत्साह और नई ऊर्जा के संचार का प्रतीक है जो समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करता है। उन्होंने बताया कि यूकेडी कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित इस होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को एक सूत्र वरिष्ठ नेता दीपक खण्डूड़ी ने पहाड़ की समृद्ध संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि पहाड़ी होली का अपना एक अलग और अनूठा अंदाज होता है। यहां पारंपरिक लोकगीतों और ढोल दमाऊ की थाप पर जो होली मनाई जाती है वह अद्भुत है। उन्होंने सभी से अपनी इस समृद्ध लोक संस्कृति को सहेजने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां अन्य पार्टियां केवल अपने कार्यालयों की चारदीवारी तक सीमित रहकर आयोजन करती हैं वहीं उत्तराखंड क्रांति दल गांव गांव जाकर आम जनता के बीच त्योहारों की असली खुशियां बांटने का काम कर रहा है। इस मौके पर यूकेडी ब्लॉक अध्यक्ष गम्भीर सिंह गुसाईं धनोल्टी विधानसभा प्रभारी बलदेव कुमाई राकेश चौहान जोत सिंह भंडारी नीरज रावत और अर्जुन केमवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केंद्रीय टीम ने किया दूरस्थ स्कूल कोटतल्ला का भौतिक सत्यापन

■ स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग की जानकारी ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्र स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटतल्ला ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। भारत सरकार की ओर से संचालित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग के अंतर्गत विद्यालय का केंद्रीय टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया।

विद्यालय के सहायक अध्यापक सुखदीप सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा देशभर के विद्यालयों से स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग



को लेकर आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

निर्धारित 60 मानकों के आधार पर विद्यालय ने नियमानुसार अपना आवेदन प्रस्तुत किया था। प्रारंभिक चरण में जिला स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विद्यालय की अनुशंसा राज्य स्तर के लिए की गई। राज्य स्तर पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखण्ड की टीम के पर्यवेक्षक सुनील भट्ट द्वारा विद्यालय का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का भौतिक सत्यापन किया गया। राज्य स्तर पर सफल मूल्यांकन के पश्चात विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर के लिए अनुशंसित किया गया। इसी क्रम में केंद्रीय टीम के सदस्य हेमराज सिंह विद्यालय पहुंचे और व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता की स्थिति, शौचालयों की उपलब्धता, पोषण वाटिका की देखरेख, इको क्लब की गतिविधियों सहित विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर उन्होंने बाल संसद एवं इको क्लब के सदस्यों से संवाद स्थापित करते हुए शिक्षकों के साथ भी विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक सतेंद्र भंडारी, शिक्षक सुखदीप सिंह चौहान तथा भोजन माता उषा देवी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार को आशा है कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के आधार पर विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करेगा।

# होली पर मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त

■ सात व्यापारियों को थमाया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** होली के पावन पर्व को देखते हुए जनपद में मिलावटखोरी को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर खाद्य सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस अभियान के तहत घनसाली चमियाला प्रतापनगर लंबगांव चंबा और तपोवन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कुल अट्ठाईस दुकानों और प्रतिष्ठानों की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान टीम ने संदेह के आधार पर उन्नीस विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जिन्हें परीक्षण के लिए सरकारी प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा शर्मा ने इस विशेष अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से होली के त्योहार पर इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री पर पैनी नजर रखी गई। इसमें मुख्य रूप से मिठाइयां दूध दही पापड़ सूजी तेल और नमकीन जैसे पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता को परखा गया। इसके अलावा विभागीय टीम ने खाद्य सुरक्षा लाइसेंस की भी सघन चेकिंग की और बाहरी जनपदों से जिले में खाद्य सामग्री लेकर आ रहे मालवाहक वाहनों का भी औचक निरीक्षण कर उनके आवश्यक दस्तावेज जांचे। अभियान के दौरान जांच टीम को कई खामियां भी मिलीं। बिना उचित खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के कारोबार कर रहे सात व्यापारियों के खिलाफ विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इन सभी व्यापारियों को अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए सात दिन की मोहलत दी गई है और स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# ढोल, हुड़का और हारमोनियम की ताल पर सजी पहाड़ की बैठकी होली

■ मेरा भोला बैठूं छः डांडा सहित अन्य प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत जगतविहार रानीहाट में पारंपरिक बैठकी होली का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के होल्यारों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पहाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया। बैठकी होली में पारंपरिक होली गीत मत मारो मोहन पिचकारी, मेरा भोला बैठूं छः डांडा, भोलेनाथ दिगम्बर तथा जल कैसे भरू यमुना गहरी की सुरमयी प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को भक्तिमय और रंगमय बना दिया। ढोल, दमाऊं, हुड़का और हारमो.



नियम की मधुर ताल पर होल्यार देर तक थिरकते रहे। कार्यक्रम में शिक्षक प्रकाश चमोली ने हारमोनियम पर सुमधुर संगत देते हुए अपने गायन से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। रंगकर्मी वीरेंद्र रतूड़ी ने कहा कि बैठकी होली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि पहाड़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और सामाजिक एकता की पहचान है। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम रही है। आयोजक देवेंद्र गौड़ ने बताया कि रानीहाट में प्रतिवर्ष सामूहिक बैठकी होली का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण रंग, संगीत और उल्लास से सराबोर रहा।

इस अवसर पर जयकृष्ण पैन्यूली प्रकाश चमोली, मदनलाल डंगवाल, अनुराधा चमोली, सुनीता पंवार, दीपा भट्ट ,सोनी कौर, डा. प्रशांत, डा. शिखा, अंकित उछोली एवं पार्षद झाबर सिंह रावत सहित आदि उपस्थित रहे।

# केदारनाथ यात्र से पहले पड़ावों पर कूड़ा संकट, लोग नाराज

■ व्यापारियों ने उठाई ठोस निस्तारण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फाटा/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलने की तिथि नजदीक आते ही यात्रा पड़ावों पर स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन को लेकर व्यापारियों में नाराजगी बढ़ने लगी है। व्यापार संघ गौरीकुंड, सोनप्रयाग, सीतापुर, रामपुर, शेरसी तथा फाटा के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से ठोस कूड़ा निस्तारण व्यवस्था लागू करने की मांग की है। व्यापारियों का आरोप है कि सफाई कर्मी बाजारों में सफाई करने के बाद कूड़े को नदी-नालों में डाल देते हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है और यात्रा की छवि भी धूमिल हो रही है। उनका कहना है कि कूड़ा प्रबंधन को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं निकला। व्यापार संघ प्रतिनिधियों ने बताया कि यात्रा सीजन के दौरान एक छोटा वाहन कूड़ा उठाने आता है, लेकिन कूड़े की अधिक मात्रा के कारण अधिकांश कूड़ा ढेरों में ही पड़ा रह जाता है। यात्रा समाप्त होने के बाद शीतकाल में भी फाटा बाजार के समीप जंगलों में कूड़ा बिखरा पड़ा है, जिससे भालू सहित अन्य जंगली जानवर आबादी की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब इस समय अधिकांश होटल और लॉज बंद हैं, तो फिर इतनी बड़ी मात्रा में कूड़ा यहां कैसे पहुंच रहा है। उन्होंने जंगलों में फैले कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण की मांग की है।

शेरसी के होटल कारोबारी अशोक सेमवाल ने बताया कि पिछले वर्ष बाजार के एक छोर पर अस्थायी डंपिंग जोन बनाया गया था, जहां शेरसी-बड़ासू के साथ



अन्य स्थानों का कूड़ा भी डाला गया। ग्रामीणों के विरोध के बावजूद यात्रा के बाद कूड़े का निस्तारण नहीं हुआ, जिससे कूड़े के ढेर पर भालू आने लगे।

बाद में ग्रामीणों ने मजबूर होकर कूड़े में आग लगा दी। फाटा के होटल कारोबारी सुनील सेमवाल ने बताया कि यात्रा सीजन में जिला पंचायत के सफाई कर्मी कूड़ा एकत्र कर वाहन से अन्यत्र ले जाते हैं, लेकिन कई बार वाहन के समय पर न पहुंचने से कूड़ा जंगलों या नालों में फेंक दिया जाता है। यही कूड़ा जंगली जानवरों को आबादी की ओर खींच रहा है। व्यापारियों और ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रत्येक यात्रा पड़ाव पर स्थायी कूड़ा संग्रहण केंद्र, नियमित वाहन व्यवस्था और वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आगामी यात्रा से पूर्व स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त हो सके और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके। वहीं, मामले में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने कहा कि यात्रा मार्ग सफाई व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही बरते जाने पर कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# लोक भवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव का भव्य समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** लोक भवन देहरादून में तीन दिवसीय वसंतोत्सव का रविवार को समापन हो गया। वसंतोत्सव के इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों के प्राकृतिक सौंदर्य और अन्य कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। वसंतोत्सव-2026 में इस वर्ष की चल वैजंती (रनिंग ट्राफी) आईआईटी रुड़की को मिली।

इस वर्ष आईआईटी रुड़की ने 13 श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं 04 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त कर ओएनजीसी को दूसरा स्थान मिला। वसंतोत्सव में 15 श्रेणियों की 54 उप श्रेणियों में 161 पुरस्कार वितरित किये गये। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं, रंगोली तथा बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता आदि श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

वसंतोत्सव- 2026 में इस वर्ष पहली बार गवर्नर्स अवार्ड की



**पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता की सर्वाधिक श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर ''रनिंग ट्राफी'' आईआईटी रुड़की ने जीती, वसंतोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत**

शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों, महिला कृषकों तथा स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार कर रहे युवा कृषकों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित कृषकों की श्रेणी में बागेश्वर जनपद के श्री दीपक गडिया को प्रथम, रुद्रप्रयाग जनपद के श्री कपिल शर्मा को द्वितीय तथा पिथौरागढ़ जनपद के श्री शुभम सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कृषकों की श्रेणी में चंपावत जनपद की श्रीमती राधा राणा को प्रथम, अल्मोड़ा जनपद की कविता मेहरा को द्वितीय तथा पौड़ी गढ़वाल जनपद की शांति जुयाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार कर रहे अग्रणी युवा कृषकों की श्रेणी में टिहरी जनपद के श्री देवेंद्र सिंह चौहान को प्रथम, नैनीताल जनपद के श्री पंकज मेहता को द्वितीय तथा हरिद्वार जनपद के श्री उज्ज्वल सैनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समापन समारोह में आईएमए और आईटीबीपी के पाइप बैंड के मधुर धुनों ने समापन समारोह को और आकर्षक बना दिया। उपस्थित दर्शकों ने जिसका पूरा आनंद लिया और पाइप बैंड की धुनों की सराहना की।कार्यक्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, विधायक सविता कपूर, प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, सचिव उद्यान एस. एन. पाण्डेय, अपर सचिव राज्यपाल रीना जोशी, निदेशक उद्यान एस.एल. सेमवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## वसंतोत्सव में लोगों के चेहरे की खुशी ,इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता : राज्यपाल

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इन तीन दिनों में लोक भवन में आई लगभग साढ़े तीन लाख जनता के चेहरे पर जो प्रसन्नता और संतोष दिखाई दिया, वही इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता है। राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव-2026 की मूल भावना यह रही कि फूलों के माध्यम से व्यक्ति के भीतर सकारात्मकता, संतुलन और रचनात्मकता का संचार हो। उन्होंने कहा कि शोध के आधार पर उद्यान विभाग द्वारा स्थापित स्टॉलों में यह प्रदर्शित किया गया कि किस प्रकार पुष्प मानव जीवन में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आनंद का स्रोत बन सकते हैं। राज्यपाल ने नवाचार को विकसित भारत 2047 की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण मंत्र बताते हुए कहा कि इस उत्सव में प्रत्येक स्टॉल और प्रस्तुति में नई सोच और रचनात्मकता दिखाई दी।

## वसंतोत्सव उत्तराखण्ड की प्राकृतिक संपदा, कृषि शक्ति और उभरती हरित अर्थव्यवस्था का उत्सव : सीएम

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि वसंतोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की प्राकृतिक संपदा, कृषि शक्ति और उभरती हरित अर्थव्यवस्था का उत्सव है। उन्होंने कहा कि वसंत ऋतु प्रकृति के श्रृंगार के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक प्रसन्नता का संदेश देती है। लोक भवन में सुसज्जित विविध पुष्पों की रंगत और सुगंध राज्य की समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अनुशासन, राष्ट्रनिष्ठा और दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में राज्य निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक नवाचार के समन्वय से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विशिष्ट पहचान दिलाई जा सकती है।

# ढोल, हुड़का और हारमोनियम की ताल पर सजी पहाड़ की बैठकी होली

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत जगतविहार रानीहाट में पारंपरिक बैठकी होली का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के होल्यारों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पहाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया। बैठकी होली में पारंपरिक होली गीत मत मारो मोहन पिचकारी, मेरा भोला बैठूं छः डांडा, भोलेनाथ दिगम्बर तथा जल कैसे भरू यमुना गहरी की सुरमयी प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को भक्तिमय और रंगमय बना दिया। ढोल, दमाऊं, हुड़का और हारमो. नियम की मधुर ताल पर होल्यार देर तक थिरकते रहे। रंगकर्मी वीरेंद्र रतूड़ी ने कहा कि बैठकी होली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि पहाड़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और सामाजिक एकता की पहचान है। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम रही है।

# 108 भाषाओं में गूंजा शांति एकता का पैगाम

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** सुलेख कला के दर्पण में पवित्र कुरानश विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी का रविवार को समापन हो गया। तस्मिया पवित्र कुरान संग्रहालय की और से आयोजित इस प्रदर्शनी ने देशभर से आए दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सुलेख कला और 108 भाषाओं में अनुवादों के माध्यम से कुरान के शांति, एकता और मानवता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

संग्रहालय के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने अतिथियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि "कुरान का संदेश गहन शांति और भाईचारे का है। हमारे युवाओं के लिए इस शाश्वत ज्ञान को समझना और जीवन में उतारना अत्यंत आवश्यक है।"

कार्यक्रम में शरीन आरशी ने प्रदर्शनी की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि "कुरान का संद.



ेश पूरी मानवता के लिए है और यह प्रदर्शनी उसी सार्वभौमिक भावना को दर्शाती है।"

डॉ. प्रतिमा मेनन अपने छात्रों के साथ प्रदर्शनी में शामिल हुईं। उन्होंने इसे प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

प्रदर्शनी में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे पहुंचे। आगंतुकों को पवित्र कुरान की आयतों को 108 भाषा फ्रेंच, चीनी, गढ़वाली, कुमाऊँनी और गुरमुखी व अन्य भाषाओं में देखने और समझने का अवसर मिला। समापन समारोह में सैयद फर्रुख अहमद ने मधुर स्वर में हम्द पेश कर वातावरण को भाव-विभोर कर दिया।कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता सतीश शर्मा, आर.एल.ई. के. की निदेशक प्रतिमा मेनन, डॉ. आर. के. बख्शी, डॉ. आई. पी. पांडे, एम. एम. खान, हर्ष निधि शर्मा, सैयद हारून अहमद, डॉ. फैसल अहमद, सैयद इमरान अहमद, सैयद मोहम्मद यासर, जहांगीर अहमद, मुफ्ती सलीम अहमद, मुफ्ती वसीउल्लाह और मुफ्ती जिया आदि उपस्थित रहे।

# लोजपा (रामविलास) उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी में नई नियुक्तियां

**प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ ने पार्टी संगठन विस्तार कर नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून:** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने उत्तराखंड में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। देहरादून स्थित ट्रांजिट हॉस्टल, रेस कोर्स ऑफिसर कॉलोनी में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडित ने पार्टी विस्तार की रणनीति पर चर्चा की और नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

संगठन में शामिल हुए नए चेहरों में सी.पी. सिंह को प्रदेश महासचिव (संगठन), नागेंद्र प्रसाद को प्रदेश सचिव एवं कार्यालय प्रभारी, मोहम्मद शमीम खान को जिला उपाध्यक्ष (देहरादून), काशीनाथ प्रसाद को जिला उपाध्यक्ष (देहराद. ून) और ज्ञान पटेल को जिला महासचिव (देहरादून) मनोनीत किया गया है।प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी संजीव शर्मा ने जानकारी दी कि प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई और मनोनयन पत्र सौंपे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और आगामी चुनावों के लिए संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने का संकल्प लिया।बैठक में दून ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा और महामंत्री शशिकांत भट्ट ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त कपिल शेखर, विनोद शर्मा, राजेंद्र कुमार, शकील अहमद, भूपेश यादव और पुष्पेंद्र कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने कई होली मिलन समारोह में की शिरकत

**उत्तरांचल प्रेस क्लब सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के प्रेमनगर में माँ बधाणगढ़ी पिंडर घाटी समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह के साथ-साथ उत्तरांचल प्रेस क्लब एवं कुर्मांचल परिषद हाथीबड़कला शाखा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोहों में प्रतिभाग कर प्रदेशवा. सियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्योहार समाज में सद्भाव और एकता का संदेश देता है।देहरादून के प्रेमनगर में माँ बधाणगढ़ी पिंडर घाटी समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में



सहभागिता की। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने फूलों की होली खेली तथा उपस्थित जनसमूह को रंगों के इस पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने पिंडर घाटी क्षेत्र में आवश्यक स्थानों पर मिलन केंद्र बनाए जाने की घोषणा भी की, जिससे स्थानीय लोगों को सामा. जिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।इसके उपरांत मंत्री जोशी ने उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने पत्रकार बंधुओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कुर्मांचल परिषद, हाथीबड़कला द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक परंपराएं हमारी पहचान हैं और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

# सीएम ने अमित शाह के हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

**देहरादून।**मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के आगामी 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाएँ, ताकि भ्रमण के दौरान सुरक्षा, यातायात, जनसुविधाओं तथा समन्वय से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से संचालित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी है, ऐसे में कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 24 लाख की ठगी ऊधमसिंह नगर से दबोचा जालसाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि को अपराध मुक्त बनाने के अभियान के तहत उत्तराखंड एसटीएफ की साइबर थाना कुमाऊं टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पकड़ा गया आरोपी मलकीत सिंह, निवासी गदरपुर (ऊधमसिंह नगर) का रहने वाला है।एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि दिसंबर 2025 में एक पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात साइबर ठगों ने निवेश के नाम पर उनसे 24.70 लाख रुपये की ठगी की है।

ठगों ने सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए पीड़ितों



को जोड़कर फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर विश्वास जीता और फिर एक फर्जी ऐप के डैशबोर्ड पर भारी मुनाफा दिखाकर उन्हें निवेश के लिए फंसाया।

जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आरोपी के बैंक खाते में अक्टूबर-नवंबर 2025 के बीच ही करोड़ों रुपये का लेनदेन हुआ है।

आरोपी के खिलाफ देश के कई अन्य राज्यों में भी साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, सिम कार्ड, चेक बुक और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

# दिव्य कला मेलाः देहरादून का समापन

**50 लाख की बिक्री दर्ज**
**मेले में देश के 16 से अधिक राज्यों से आए दिव्यांगजन उद्यमियों एवं कलाकारों ने की सक्रिय सहभागिता**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**दिव्यांगजन सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित "दिव्य कला मेला" का समापन समारोह देहरादून में सम्पन्न हुआ। यह मेला 21 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें देश के 16 से अधिक राज्यों से आए दिव्यांगजन उद्यमियों एवं कलाकारों ने सक्रिय सहभागिता की।यह आयोजन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय,



भारत सरकार के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन उद्यमियों को विपणन मंच उपलब्ध कराना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना, कौशल उन्नयन को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक समावेशन को सुदृढ़ करना रहा।

दिव्य कला मेला के समापन समारोह पर उत्तराखंड सरकार में वन मंत्री सुबोध उनियाल बतौर मुख्य अतिथि रहे मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक खजानदास, सचिव संस्कृत शिक्षा, उत्तराखंड सरकार, दीपक गैरोला, आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तिकरण उत्तराखंड प्रकाश चंद्र, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार प्रदीप ए मौजूद रहे।

दिव्य कला मेला में 16 से अधिक राज्यों के दिव्यांगजन उद्यमियों द्वारा विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। मेले में उत्पाद श्रेणियों में हस्तशिल्प, जूट एवं बांस उत्पाद, वुडक्राफ्ट, वस्त्र एवं टेक्सटाइल, पेंटिंग, ऑर्गेनिक उत्पाद, पैकेज्ड खाद्य सामग्री आदि मौजूद रहीं।

मेले के दौरान लगभग ₹50 लाख की बिक्री दर्ज की गई, जो दिव्यांगजन उद्यमियों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

23 से 25 फरवरी 2026: निरंतर पुनर्वास शिक्षा (ब्त्म्) कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लेकर पुनर्वास एवं विशेष शिक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। 23 फरवरी 2026 को जागरूकता सत्र में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत 21 प्रकार की दिव्यांगताओं एवं संबंधित अधिकारों पर आयोजित सत्र में लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# मैक्स हॉस्पिटल ने की सफल एडवांस्ड रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी

**61 वर्षीय मरीज को फिर से चलने-फिरने में सक्षम बनाया**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून :** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून ने घुटनों के गंभीर बाइलेटरल ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित 61 वर्षीय मरीज का सफल उपचार कर उन्हें दोबारा चलने-फिरने में सक्षम बनाया। एडवांस्ड रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट और जॉइंट प्रिजर्वेशन सर्जरी के माध्यम से मरीज अब दर्द-मुक्त और अधिक सक्रिय जीवन जी पा रहे हैं।

मरीज श्री एस.सी. गर्ग पिछले कई महीनों से दोनों घुटनों में लगातार दर्द से परेशान थे। चलना, सीढ़ियाँ चढ़ना और रोजमर्रा के सामान्य कार्य भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गए थे। समय के साथ दर्द बढ़ने के साथ-साथ अकड़न और



चलने-फिरने में गंभीर रुकावट आने लगी, जिससे उनकी स्वतंत्रता और जीवन की गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव पड़ा।

मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून में की गई विस्तृत जांच में सामने आया कि बाएं घुटने के अगले हिस्से में आर्थराइटिस था, जबकि दाएं घुटने में गंभीर डीजेनेरेटिव आर्थराइटिस मौजूद था। मरीज की स्थिति का समग्र मूल्यांकन और उपचार विकल्पों पर विस्तृत चर्चा के बाद ऑर्थोपेडिक टीम ने मरीज के लिए एक विशेष सर्जिकल प्लान तैयार किया।

ऑर्थोपेडिक टीम का नेतृत्व डॉ. गौरव गुप्ता, डायरेक्टर ख्र ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट, तथा डॉ. शुभम अग्रवाल, कंसल्टेंट ख्र ऑर्थोपेडिक्स ने किया। टीम ने बाएं घुटने में रोबोटिक पेटेलोफेमोरल (पार्शियल नी) रिप्लेसमेंट और दाएं घुटने में रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की। यह प्रक्रिया नॉर्थ इंडिया की पहली और भारत की दूसरी रोबोटिक पेटेलोफेमोरल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी रही।

इस उन्नत तकनीक का उद्देश्य दर्द से राहत देना, जॉइंट की कार्यक्षमता बहाल करना और कम प्रभावित हिस्सों को सुरक्षित रखते हुए बेहतर रिकवरी सुनिश्चित करना था। डॉ गुप्ता ने बताया कि यह सर्जरी कंबाइंड स्पाइनल-एपिड्यूरल एनेस्थीसिया के तहत सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी के बाद मरीज को वॉकर सपोर्ट के साथ चलाया गया और एक संरचित फिजियोथेरेपी प्रोग्राम के तहत रिहैबिलिटेशन कराया गया। मरीज को स्थिर स्थिति में, नियमित फॉलो-अप और रिहैबिलिटेशन सलाह के साथ अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। केस के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. गौरव गुप्ता ने कहा, "घुटनों का आर्थराइटिस व्यक्ति की दैनिक गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। हमारा लक्ष्य केवल दर्द से राहत देना नहीं, बल्कि मरीज को आत्मविश्वास के साथ फिर से सक्रिय जीवन की ओर लौटाना है। पर्सनलाइज्ड सर्जिकल प्लान और संरचित रिहैबिलिटेशन के जरिए अधिकांश मरीज दोबारा स्वतंत्र और सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

डॉ. गुप्ता ने समय पर परामर्श के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "अगर घुटनों का दर्द दवाइयों, फिजियोथेरेपी या जीवनशैली में बदलाव के बावजूद ठीक नहीं हो रहा है, तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर इलाज से जोड़ों को और नुकसान से बचाया जा सकता है और बेहतर परिणाम संभव हैं।"

# फूलों की होली से सराबोर हुई कैंट विधानसभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कैंट विधानसभा क्षेत्र में बल्लीवाला स्तिथ वैडिंग पॉइंट में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक विविधता के रंगों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सपरिवार सहभागिता कर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

समारोह की शुरुआत गढ़वाल का प्रसिद्ध लोकगीत "खोली के गणेश" की मंगलध्वनि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को पारंपरिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। अंत में गढ़वाल की पारंपरिक ढोल-दमाऊं की थाप पर श मोल्यार गढ़वाल होलियारों की टीम श ने ऐसा रंग जमाया कि पूरा पंडाल झूम उठा और लोक संस्कृति की जीवंत छटा ने कार्यक्रम को चरम उत्साह तक पहुँचा दिया।कार्यक्रम में कैंट विधानसभा के विजय पार्क, प्रेमनगर व विभिन्न क्षेत्रों की महिला कीर्तन मंडलियों ने गढ़वाली लो. कगीतों से कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और दिलों की दूरियां मिटाने का अवसर है। कार्यक्रम संयोजक व प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि कैंट विधानसभा में इस प्रकार का सांस्कृतिक समागम क्षेत्र की एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि हमारी लोक संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं।

इस मौके पर गुरचरण कौशल, राष्ट्रीय संचार सचिव वैभव वालिया, संजय शर्मा, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, चरनजीत कौशल, संगीता गुप्ता, पिया थापा, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता, अमृता कौशल, मोहन काला, स्वाति नेगी, दिनेन्द्र जोशी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अतिसंवेदनशील गांव में होली व रमजान को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के अति संवेदनशील गांवों में होली और रमजान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च मंगलौर सीओ अभिनय चौधरी के नेतृत्व में पथरी थाने से शुरू होकर फेरुपुर पुलिस चौकी से धनपुरा, घिस्सुपुरा, पदार्था, बादशाहपुर, इब्राहिमपुर, नसीरपुर कला, फेरुपुर, एक्कड़ कला और अलावलपुर गांवों तक गया। फ्लैग मार्च का समापन फेरुपुर चौकी पर हुआ। इस दौरान, सीओ देवेंद्र सिंह नेगी ने पुलिस बल को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि होली और रमजान के दौरान कुछ उपद्रवी तत्व अफवाहें फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी अफवाह या गलत सूचना के बारे में तुरंत पुलिस से संपर्क करें। सीओ ने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी व्यक्ति को कानून तोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी, और रंग खेलते समय शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पहले ही ग्रामीणों के साथ बैठक कर होली और रमजान एक साथ होने पर एहतियात बरतने को कहा, मंगलौर सीओ अभिनय चौधरी ने यह भी बताया कि इस दौरान सीसीटीवी कैमरों और लाइव रिकॉर्डिंग के जरिए हुड़दंगियों पर नजर रखी जाएगी। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी मनोज नौटियाल, फेरुपुर चौकी प्रभारी विपिन कुमार, व खुफिया विभाग के नवीन तोमर सहित पुलिस के अन्य कर्मी और पीएसी की कई प्लाटून भी शामिल थी। पुलिस विभाग ने इस बार होली और रमजान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कोई भी ढील नहीं देने का फैसला किया है।



# ज्वालापुर के कोटरवान में अधूरी सड़क बनी मुसीबत का सबब

## करीब एक माह से अधर में लटका सड़क निर्माण कार्य, विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र स्थित कोटरवान मोहल्ले में ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा सड़क निर्माण कार्य इन दिनों स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। करीब एक माह पूर्व शुरू हुआ निर्माण कार्य अब तक अधूरा पड़ा है, जबकि पिछले एक सप्ताह से सड़क को तोड़कर यूं ही छोड़ दिया गया है। परिणामस्वरूप पूरी सड़क खस्ताहाल होकर राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बन गई है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि सड़क अब सड़क कम और नाला अधिक दिखाई दे रही है। निर्माण कार्य के दौरान नालियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। निर्माणाधीन सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिनमें नाली का गंदा पानी भरा हुआ है। पैदल चलना भी काफी जोखिम से कम नहीं। बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे रोजाना टूटी सड़क व जमा हुए गंदे पानी के बिच आवाजाही करने को मजबूर हैं। जलभराव और कीचड़ ने पूरे क्षेत्र को दुर्गंधयुक्त बना दिया है। स्थानीय लोगों ने संक्रामक रोग फैलने की आशंका जताई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद निर्माण कार्य की रफ्तार नहीं बढ़ाई गई। आरोप है कि कार्य में न तो गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है और न ही समयसीमा का। मोहल्लेवासियों ने विभाग से तत्काल निर्माण कार्य को पूर्ण कराने और क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत कराने की मांग की है। वहीं, जब इस संबंध में जब ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन तक उठाना उचित नहीं समझा। विभागीय अधिकारियों की यह उदासीनता कई सवाल खड़े कर रही है।



# डॉ. विशाल गर्ग को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं, कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र के विवेक विहार स्थित डॉ. विशाल गर्ग के कार्यालय पर उनके जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समाज सेवकों ने पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शहनवाज सलमानी और जिला संयोजक गुलाम साबिर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. गर्ग को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शहनवाज सलमानी ने कहा कि डॉ. विशाल गर्ग समय-समय पर समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और धर्म व जाति से ऊपर उठकर सभी वर्गों के लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज गौतम ने भी शॉल ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. गर्ग पार्टी के समर्पित एवं वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाई है। इस मौके पर मनोज गौतम, गुलाम साबिर, शहनवाज सलमानी, विशाल खैरवाल, नंदू ठाकुर, मुकेश गौतम सहित कई कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।



# कांग्रेस परिवार के 'होली मिलन' में उमड़ा जनसैलाब, फूलों की होली से महका हरिद्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार में रविवार को रंग, उमंग और सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब 'कांग्रेस परिवार' हरिद्वार कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ज्वालापुर स्थित एक बैंकट हॉल में भव्य 'होली मिलन समारोह 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और आमजन का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा परिसर खचाखच भर गया। समारोह में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी ने आयोजन को और गरिमा प्रदान की। हरीश रावत, रवि बहादुर तथा आलोक शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने समारोह में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और भावनात्मक क्षण वह रहा जब मंच से वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं और आम जनता पर फूलों की वर्षा की। गुलाब, गेंदा और रंग-बिरंगे पुष्पों से पूरा हॉल महक उठा। 'फूलों की होली' ने आयोजन को एक सकारात्मक और सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। ढोल-नगाड़ों की गूंज और होली के पारंपरिक गीतों की मधुर स्वर लहरियों के बीच कार्यकर्ता झूमते नजर आए। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतभेद भुलाकर संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि हरिद्वार की पावन भूमि से आज जो एकजुटता दिखाई दे रही है, वह आने वाले समय में कांग्रेस को नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों पर संघर्ष ही पार्टी की पहचान है। राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस परिवार की ताकत उसकी एकता और समावेशी सोच है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस हर वर्ग की आवाज बनकर खड़ी है। कार्यक्रम में संजय पालीवाल, बालेश्वर सिंह (जिलाध्यक्ष), श्रीमती अनीता शर्मा, अरविन्द शर्मा, मकबूल कुरैशी, प्रदीप चौधरी, वीरेन्द्र रावत, मुकेश त्यागी, राजवीर चौहान और अमन गर्ग सहित सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब में हर्षोल्लास के साथ मनाई होली

## गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों से कलाकारों ने बांध समा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब में धूमधाम ओर हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को पुरानी कचहरी परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महामंत्री दीपक मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार डा. शिवशंकर जायसवाल, सुनीलदत्त पांडे, आदेश त्यागी, डा. रजनीकांत शुक्ल ने दीप प्रचलित कर किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी व महामंत्री दीपक मिश्रा ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी को होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक मदन कौशिक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश प्रताप राणा, ओपी चौहान ने सभी को होली की बधाई दी। इस दौरान होली से जुड़े रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें शांतिकुंज के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। पत्रकारों ने एक दूसरे से फूलों से होली खेली। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति को दर्शाने वाला और एकता भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है। प्रतिवर्ष धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। देश की एकता अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर जायसवाल, सुनीलदत्त पांडे, आदेश त्यागी, डा. रजनीकांत शुक्ल, संजय आर्य, गुलशन नैयर, रामचंद्र कनोजिया, दीपक नोटियाल ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से पत्रकार समाज सदैव ही जुड़ा रहता है। सांस्कृतिक व धार्मिक क्रियाकलाप ही समाज का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर पत्रकारों को उपहार वितरित किए गए और सभी ने मिलकर होली के पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर कौशल सिखौला, श्रवण कुमार झा, अमित शर्मा, केके पालीवाल, देवेंद्र शर्मा, राहुल वर्मा, काशीराम सैनी, बालकृष्ण शास्त्री, डा. शिवा अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, अमित गुप्ता, राधिका नागरथ, डा. हिमांशु द्विवेदी, त्रिलोकचंद भट्ट, आशीष मिश्रा, संदीप शर्मा, लव शर्मा, रूपेश वालिया, अनिरूद्ध भाटी, संदीप रावत, जोगेंद्र मावी, विकास झा, ललितेंद्र नाथ, रामेश्वर गौड़, सुरेंद्र शर्मा, शिवकुमार शर्मा, महावीर नेगी, विकास चौहान, रामेश्वर शर्मा, चंद्रशेखर जोशी, प्रतिभा वर्मा, कुमकुम शर्मा, सुदेश आर्य, परविन्दर, शैलेंद्र ठाकुर, कुलभूषण शर्मा, हिमांशु द्विवेदी, शिवा अग्रवाल, आशु शर्मा, रविन्द्र सिंह, मुदित अग्रवाल, रोहित सिखौला, तनवीर अली, मेहताब आलम, दयाशंकर वर्मा, राव रियासत पुंडीर, मुकेश वर्मा, मनोज खन्ना, सुरेंद्र बोकाड़िया, नरेश दीवान शैली सहित बड़ी संख्या में पत्रकार व भाजपा नेता विकास तिवारी, संदीप गोयल, ललित नैयर, सुनील सेठी आदि अतिथी मौजूद रहे।



# नगर निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का होली मिलन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** होली पर्व के उपलक्ष्य में नगर निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में नगर निगम स्थित यूनियन कार्यालय में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फूलों की होली खेली और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेयर किरण जैसल रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री) संतोष गौरव उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तराखंड निकाय कर्मचारियों संयुक्त मोर्चा के मुख्य संयोजक सुरेंद्र तेश्वर, संयोजक राजेंद्र श्रमिक, प्रवीण तेश्वर, टंकार कौशल, आत्माराम बेनीवाल, अशोक तेश्वर सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

साथ ही अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष नानक चंद पीवाल, प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण कुमार, सलेक चंद, आनंद कांगड़ा, उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जितेंद्र तेश्वर, कुलदीप कांगड़ा, जुगनू, सफाई नायक बलराम चौटाला, दीपक तेश्वर, राजेश खैरवाल, प्रदीप खैरवाल, गोपाल मोतीराम, दीपक चावरिया, शिव कुमार, कुलदीप चंचल, अजय कुमार लोहट, लोकेश चौटाला, गोवधन, सतीश, काका सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। लिपिक वर्ग से विकास चंचल, निशांत बेनीवाल, सचिन पीवाल, विक्रांत, सत्य प्रकाश, शुभम पीवाल, शुभम चमरिया, राजेश हवलदार, किशोर गॉड, कपिल तथा बिजली विभाग से भूषण, सुनील, अंशुल, प्रमोद, सत्येंद्र, रामचंद्र, धीरज, सुदर्शन, सनी, राहुल पवार, विष्णु, जीत सिंह, संजय चौटाला, राजेंद्र बागड़ी सहित महिला कर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। मेयर किरण जैसल, संतोष गौरव, सुरेंद्र तेश्वर और राजेंद्र श्रमिक ने उपस्थित कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम में सभी ने फूलों की होली खेली तथा मेयर साहिबा द्वारा मिष्ठान वितरण कर सभी का मुंह मीठा कराया गया।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पथरी में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के टिहरी विस्थापित क्षेत्र पथरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन का आयोजन सामुदायिक केंद्र टिहरी डोब नगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह हरिद्वार लोकेन्द्र जी रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अनंत आश्रम के पीठाधीश्वर अनंत महाराज उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि ममता डोबरियाल रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख बहादराबाद आशा देवी ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन टिहरी डोब नगर की पूर्व प्रधान सुनीता राणा पवार ने किया। आयोजन का संयोजन बलवंत सिंह पंवार और बालम सिंह नेगी ने किया। मुख्य वक्ता लोकेन्द्र ने कहा कि संघ द्वारा 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संघ अपनी स्थापना से अब तक सामाजिक सेवा, हिंदू रक्षा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरण जैसे विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर अनंत महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति हजारों वर्ष पुरानी है और विश्व बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि विश्व में चल रहे संघर्षों के बीच भारतीय संस्कृति शांति और कल्याण का संदेश देती है। ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी ने सभी का स्वागत करते हुए जाति-पाति के भेदभाव को त्यागकर देश सेवा की भावना से आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक जगदीप, खंड कार्यवाह अंकुर कुमार, धर्मेंद्र चौहान, दिनेश कुमार, चीनू चौधरी, वरुण चौहान, रजनीश चौधरी, मनप्रीत कुमार, हुकम सिंह रावत, त्रेपन सिंह रावत (पूर्व सैनिक), गंभीर सिंह चौहान (पूर्व सैनिक), दीपक रावत, उत्तम सिंह रावत, नत्थी सिंह खरोला, लाल सिंह पुलम, जगदीश सिंह रावत, विजय रावत, सर्वोत्तम नौटियाल, कोमल ठाकुर, उद्यम सिंह, रजनीश चौहान, शिवचरण सिंह नेगी, धनी चौहान, ओम प्रकाश, नरेश, पवन, मोनू सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# अर्चना शुक्ला बनी भाकिम उत्थान यूनियन की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष इरफान भट्टी ने एडवोकेट अर्चना शुक्ला को संगठन की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त महिला अध्यक्ष एडवोकेट अर्चना शुक्ला का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते हुए इरफान अली भट्टी ने कहा कि अर्चना शुक्ला महिला किसानों को संगठन से जोड़ने का काम करेंगी। महिला शक्ति के बल पर संगठन किसानों की लड़ाई को मजबूती से लड़ेगा। इरफान अली भट्टी ने कहा कि कहा कि भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार संघर्ष कर रहा है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना शुक्ला ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। उसका पूरी निष्ठा से पालन करूगी।

# रानीमाजरा छात्रावास में होली मिलन धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के रानीमाजरा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में होली मिलन का आयोजन धूमधाम हुआ बालिकाओ ने रंगों गुलाल और पारंपरिक गीतों के साथ इस त्यौहार को मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। बालिकाओं ने शिक्षिकाओं के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक और स्नेहपूर्ण माहौल बना रहा। छात्रावास वार्डन सुनीता राज ने बताया कि होली गिले-शिकवे भूलकर खुशियां मनाने का पर्व है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को होली पर उनके घर जाने की छुट्टी दी गई है, लेकिन इस अवसर पर छात्रावास में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि यह पर्व अमीर और गरीब के बीच के भेदभाव को मिटाकर लोगों को एकजुट करता है।

छात्राओं ने उत्साहपूर्वक साझा किया कि छात्रावास उनके लिए घर जैसा सुरक्षित और स्नेहपूर्ण माहौल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वार्डन सुनीता राज सभी बालिकाओं का मां की तरह ख्याल रखती हैं। यहां न केवल पढ़ाई पर ध्यान दिया जा रहा है, बल्कि छात्राओं की छुपी हुई प्रतिभाओं को भी निखारा जा रहा है। विशेष रूप से इस अवसर पर कोच आरती सैनी ने छात्राओं के खेल-कूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि होली का उत्सव केवल रंगों का ही नहीं बल्कि आपसी भाईचारे और समझदारी का भी प्रतीक है। छात्राओं ने आरती सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से वे न केवल पढ़ाई में बल्कि खेल-कूद और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। इस अवसर पर राधा, अंजलि, खुशी, मुस्कान, पायल,वंशिका, पारुल आदि छात्रावास स्टाफ रहे।

# भाजपा ने किया फागोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा ऋषिकुल मैदान में होली मिलन समारोह फागोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक मदन कौशिक व मेयर किरण जैसल व भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनसमूह को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय लोकपरंपराओं, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि होली जैसे पर्व कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एक सूत्र में बांधते हैं और संगठन को वैचारिक रूप से और अधिक मजबूत बनाते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि भाजपा कार्यकर्ता सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएं और युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ें। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि यह आयोजन केवल होली मिलन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। मदन कौशिक ने स्पष्ट किया कि ऐसे आयोजन पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करते हैं तथा जनता से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि फागोत्सव 2026 यह संदेश देता है कि भाजपा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर राजनीति करती है और लोकपरंपराओं के संरक्षण को अपनी प्राथमिकता मानती है। मदन कौशिक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस उत्सव की भावना को आगे बढ़ाते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। मेयर किरण जैसल ने कहा कि होली के त्योहार पर खेले जाने वाले रंग हमें प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण प्रेम का संदेश देते हैं। फूलों की होली के माध्यम से इस अवधारणा को भी बलवती और शसक्त किया गया है। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि होली का त्योहार आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है, यह एक ऐसा त्योहार है जो हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाईचारे का संदेश देता है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, राजेंद्र कटारिया, तुषांक भट्ट, अन्नू कक्कड़, सरदार हरमोहन सिंह, मुनेश सैनी, दीपांशु विद्यार्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर सुशील चौहान, सुशील त्यागी, संदीप गुप्ता, चेरब जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिनव चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, जिला उपाध्यक्ष आशु चौधरी आदि शामिल रहे।

# बहादराबाद प्रेस क्लब का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** प्रेस क्लब बहादराबाद द्वारा गंगा फार्म हाउस में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और फूलों की होली खेलकर आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश रहे। उन्होंने सभी पत्रकारों को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में सकारात्मक और निष्पक्ष पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष सनत शर्मा, सचिव प्रमेन्द्र नारायण, बीबी चंदेला, संजय लंबा, महिपाल, सुखदेव, अर्जुन नागिन, हितेश चौहान, हितेश कथूरिया, विवेक शर्मा, अंशिका नागयान, पुरुषोत्तम खरौला, आशीष शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला पंचायत सदस्य प्रदीप चौहान, भाजपा नेता चंदन चौहान, सुनित सेन एवं भास्कर चौहान ने भी सहभागिता की। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# 10 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्यामपुर थाना पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत एक बड़ी कामयाबी मिली है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से 10 ग्राम से ज्यादा स्मैक मिली है। आरोपी पहले भी कई मुकदमे दर्ज है। श्यामपुर थाना प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि शनिवार को पुलिस की टीम चंडीघाट क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी गौरीशंकर पार्किंग के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से 10.15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आजम, निवासी ग्राम बूढ़ाहेडी,पथरी बताया है। पुलिस ने आरोपी आजम का अपराधिक रिकॉर्ड खंगाला तो पता चला कि वह एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले से ही थाना पथरी और थाना खानपुर में गैंगस्टर एक्ट और नशे की तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नवीन चौहान, कांस्टेबल अनिल रावत, विनीत कुमार, एएनटीएफ की टीम शामिल रही।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

## जिला प्रेस क्लब एवं उत्तराखंड पत्रकार संघ ने किया फूलों की होली का भव्य आयोजन

# जीवन में उमंग और उल्लास का भाव भरते हैं होली के रंग : त्रिवेंद्र सिंह रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड पत्रकार संघ एवं जिला प्रेस क्लब हरिद्वार रजि. द्वारा फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। शंकर आश्रम के समीप स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम में सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, विधायक मदन कौशिक, विधायक रवि बहादुर, पूर्व राज्यमंत्री रामकुमार वालिया, म.मं. स्वामी हरिचेतनानंद, म.मं. स्वामी गर्व गिरी, महंत दर्शन भारती, महंत गोविंद दास, म.मं. स्वामी आदि योगी, स्वामी नागेंद्र महाराज, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी शिवम महंत, शिवसेना शिंदे के यूपी प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सक्सेना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली, अमित सैनी, विश्वास सक्सेना, भाजपा नेता विकास तिवारी, ललित नैयर, विमल कुमार, पूर्व मेयर मनोज गर्ग सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम में पत्रकारों, संतों और अतिथीयों ने एक दूसरे से जमकर फूलों से होली खेली और शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथीयों, संतों व जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया, उत्तराखंड पत्रकार संघ की प्रदेश महामंत्री सारिका प्रधान, प्रदेश सचिव अंजना बस्सी, जिला प्रेस क्लब के महामंत्री अनिल बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कवि रमेश रमन ने किया। कार्यक्रम में कौशिक आर्ट ग्रुप के बच्चों ने भगवान शंकर व राधा कृष्ण की लीलाओं पर आधारित होली से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। गौरव अरोड़ा ने होली से जुड़ी कविता प्रस्तुत की। शांतिकुंज के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी।

सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली के रंग जीवन की एकरसता को दूर कर उमंग और उल्लास का भाव जीवन में भरते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि एकता और भाईचारे का पर्व है। सभी मिलजुकर होली मनाएं और सामाजिक एकता को मजबूत करें। विधायक मदन कौशिक ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दी। पूर्व राज्यमंत्री रामकुमार वालिया ने कहा कि मिलजुल कर होली मनाएं। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर स्वामी आदियोगी, महामंलेश्वर स्वामी गर्व गिरी, महंत दर्शन भारती ने कहा कि सनातन संस्कृति पर्वों की संस्कृति है। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली सौहार्द और एकता का संदेश देने वाला प्रमुख पर्व है। शिवसेना शिंदे के यूपी प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक सक्सेना ने कहा कि रंगो का पर्व होली पूरे देश को जोड़ता है। उत्तराखंड पत्रकार संघ एवं जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

राकेश वालिया, सारिका प्रधान, अंजना बस्सी, अनिल बिष्ट, मनोज कश्यप ने सभी संतों और अतिथियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अजय सिंगारी, अनिल कक्कड़, साधना सिंह, सोनिया बत्रा, आरके बत्रा, केके त्रिपाठी, मनीष कुमार, अजय चौहान, मनव्वर कुरैशी, नदीम सलमानी, मुस्कान राजपूत, मोहन राजा, संतोष कुमार, नवीन चौहान, सचिन अग्रवाल, सनोज कश्यप, प्रखर कश्यप, सद्दाम चौहान, केशव चौहान, रोहित वर्मा, राकेश वर्मा, सुमित वर्मा, शिप्रा अग्रवाल, सतेंद्र कुमार, जिशान मलिक, दीपक झा, गुलजार, अवधेश, जेनुल अंसारी, विजय प्रजापति, उपासना तेश्वर, अमित वालिया, हिमांशु वालिया, नितिन वालिया, नरेश सेमवाल, भोलू वालिया, रक्षित वालिया, भव्या वालिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कच्ची शराब के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** रविवार को पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने घिससुपुरा तिराहे के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया आरोपी से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बंटी पुत्र सुशील निवासी धनपुरा पथरी बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक युवक को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# सेलाकुई में स्वच्छता की नई पहल प्रत्येक वार्ड के लिए कूड़ेगाड़ी का प्रबंध

■ नगर पंचायत ने 9 नई कूड़े की गाड़ियों और एक ट्रैक्टर का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नगर पंचायत सेलाकुई ने कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। लंबे समय से पुरानी और बार-बार खराब होने वाली कूड़े की गाड़ियों के कारण वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। स्थानीय लोगों को समय पर कूड़ा उठान न होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत चेयरमैन एवं सभासदों की मौजूदगी में 9 नई कूड़े की गाड़ियों और एक ट्रैक्टर का विधिवत उद्घाटन किया गया। अब वार्ड नंबर 1 से 9 तक



प्रत्येक वार्ड में अलग-अलग कूड़े की गाड़ी नियमित रूप से पहुंचेगी, जिससे घर-घर से कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित हो सकेगा और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार आएगा। कार्यक्रम में सभासद विनोद कुमार सिद्ध, किरण पंवार, कल्पना को. हली, पूनम चौहान, अरशद अली, ब्लॉक प्रमुख अर्चना रावत, वीरांगना आसा रावत सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को धार्मिक एवं विधिवत रूप देने के लिए डॉ. पंकज किशोर गौड़ द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। चेयरमैन ने कहा कि नगर पंचायत का लक्ष्य सेलाकुई को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श नगर बनाना है। नई गाड़ियों के संचालन से न केवल कूड़ा उठान समय पर होगा, बल्कि स्वच्छता अभियान को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे कूड़ा निर्धारित समय पर गाड़ी में ही डालें और नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

# डा. पूजा राठौर का एफडीपी के लिए किया गया चयन

■ कार्यक्रम में उत्तराखंड के 83 उच्च शिक्षा एवं तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर की डॉ. पूजा राठौर, जो महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम की प्रवक्ता एवं नोडल अधिकारी हैं, का चयन निदेशालय द्वारा इन्फोसेस, पुणे में आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) हेतु किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य के 83 उच्च शिक्षा एवं तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।



कार्यक्रम के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के महत्व तथा इन्फोसेस स्प्रींगबोर्ड प्लेटफॉर्म पर विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के लिए उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों, पंजीकरण प्रक्रिया एवं उसके लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसका उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान एआई आधारित शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप स्वयं को अद्यतन करने के लिए प्रेरित करना था। डॉ. पूजा राठौर ने बताया कि उन्हें इस थ्क्च् में प्रतिभाग करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा, जिसमें शिक्षण कार्य में ।प् एवं नवीन तकनीकों के प्रभावी समावेशन के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने माननीय शिक्षा सचिव, इंफोसिस प्रमुख, आयोजन समिति एवं सभी रिसोर्स पर्सन्स के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. विनोद रावत सदस्य के रूप में सहभागिता की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी.एस नेगी ने महाविद्यालय के स्पोक पर्सन और सदस्य दोनों प्राध्यापकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को भविष्य में निश्चित रूप से लाभ प्राप्त होगा तथा महाविद्यालय में तकनीकी एवं कौशल आधारित शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

# आशाराम कालेज के नीरज कुमार मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

विकासनगर। इमर्जिंग अचीवर्स अवार्ड काउंसिल, दिल्ली द्वारा सामाजिक कार्यों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नीरज कुमार वर्मा, प्रवक्ता आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज, विकासनगर को मानद डॉक्टरेट (विद्या-वाचस्पति) की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह गरिमामय समारोह नई दिल्ली स्थित संविधान क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल जे. एस. ढिल्लों उपस्थित रहे, जिन्होंने यह सम्मान प्रदान किया गया। मानद डॉक्टरेट (विद्या-वाचस्पति) की उपाधि से अलंकृत किए जाने के उपरांत अब वे डॉ. नीरज कुमार



वर्मा (डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा) के नाम से अभिहित होंगे।

यह उपलब्धि उनके सतत परिश्रम, समर्पण एवं समाजोपयोगी कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति का प्रतीक है। डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा को इससे पूर्व भी उनके सामाजिक, शैक्षिक तथा साहित्यिक योगदानों के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है।

शिक्षा के माध्यम से समाज में जागरूकता, नैतिकता एवं संस्कारों के संवर्धन हेतु उनके प्रयास निरंतर सराहे जाते रहे हैं।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंध समिति, समस्त शिक्षकगण, प्रधानाचार्यगण, शिक्षा विभाग के अधिकारीगण तथा अनेक बुद्धिजीवियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा को बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार नई-नई उपलब्धियाँ अर्जित करते हुए शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रसर रहेंगे।

विद्यालय परिवार ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह सम्मान केवल डॉक्टर नीरज कुमार वर्मा का व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण विद्यालय परिवार, शिक्षा विभाग तथा समाज का सामूहिक गौरव है। डा. नीरज कुमार वर्मा ने इस उपलब्धि को अपने सहयोगियों डॉक्टर रवीन्द्र सैनीजी प्रधानाचार्य, संजीव कलूराजी, अपने पिता स्वर्गीय किशन लाल वर्मा, माता सुशीला देवी और चाचा कुंवर सिंह, पत्नी इन्दू और विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों को समर्पित किया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा देहरादून ग्रामीण की जिला कार्यशाला में प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला का उद्देश्य संगठनात्मक सशक्तिकरण, जनसेवा की भावना को मजबूत करना तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना रहा।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता ज्योति प्रसाद गैरोला द्वारा आगामी होने वाली कार्यशालाओं, संगठन विस्तार एवं बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करने के विषय में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंच. ाने और संगठन की नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर के नेतृत्व में क्षेत्र में निरंतर संगठनात्मक सक्रियता एवं विकास कार्यों को गति मिल रही है। प्रशिक्षण महाभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को और मजबूती मिलेगी।

कार्यशाला में विधायक विक. ासनगर मुन्ना सिंह चौहान, विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुंडीर, राज्यमंत्री भुवन विक्रम डबराल, राज्य मंत्री गीताराम गोड, प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, जिला महामंत्री अमित डबराल, जिला महामंत्री यशपाल नेगी, जिला उपाध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, सह सोशल मीडिया प्रभारी आकाश मुल्तानी, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह राघव, लक्ष्मी अग्रवाल, अरुण मित्तल, जनप्रति. निधि, जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण महाअभियान की जिला व मण्डल समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्या रुद्रप्रयाग में कानून बेबस है, टैक्सपेयर की जेब पर डाका और सिस्टम खामोश

■ काकड़ागाड़ से तिलवाड़ा तक एक ही कहानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** आस्था, अध्यात्म और हिमालय की पवित्रता के लिए पहचाना जाने वाला रुद्रप्रयाग आज एक असहज सवालों के घेरे में खड़ा है। जिस जिले से होकर लाखों श्रद्धालु केदारनाथ धाम की यात्रा करते हैं, वहीं सरकारी शराब की दुकानों पर खुलेआम ओवर-रेटिंग की शिकायतें आम हो चुकी हैं।

बोतल पर छपी एमआरपी कुछ और, वसूली कुछ और। 20 से 30 रुपये अतिरिक्त लेना अब "रूटीन" बताया जा रहा है। सवाल सिर्फ कुछ रुपयों का नहीं, सवाल है कानून की विश्वसनीयता का। सबसे पहले मामला काकड़ागाड़



का सामने आया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिखा कि प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूली जा रही है। शिकायतें सीएम पोर्टल तक पहुंचीं। जांच के आदेश भी हुए, लेकिन कार्रवाई? मौन।

अब तिलवाड़ा, नगरासू, मयाली, अगस्त्यमुनि और बसुकेदार तक यही आरोप दोहराए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवर-रेटिंग कोई अपवाद नहीं, बल्कि व्यवस्था का हिस्सा बन चुकी है। आम आदमी छोटी गलती करे तो चालान, मुकदमा, आर्थिक तबाही। लेकिन ठेकेदार खुलेआम नियम तोड़ें तो खामोशी? यही विरोधाभास लोगों को "जंगलराज" कहने पर मजबूर कर रहा है। जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में दिखें, तो भरोसा किस पर किया जाए? उत्तराखंड सरकार की नई आबकारी नीति 2025-26 में स्पष्ट प्रावधान है कि एमआरपी से अधिक बिक्री पर लाइसेंस रद्द हो सकता है।

धार्मिक स्थलों के आसपास दुकानों पर सख्ती का निर्णय लिया गया है। ओवर-रेटिंग और तस्करी के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही गई है, लेकिन रुद्रप्रयाग में आरोपों की गंभीरता के बावजूद ठोस और पारदर्शी कार्रवाई क्यों नहीं दिख रही? क्या विभागीय मिलीभगत की आशंका निराधार है, या जांच की आंच अभी कमजोर है आगामी यात्रा सीजन से पहले यह मुद्दा और संवेदनशील हो जाता है। गुप्तकाशी, सोनप्रयाग और गौरीकुंड जैसे क्षेत्रों में पूर्व में अवैध भंडारण और ऊंचे दामों पर बिक्री के आरोप लगते रहे हैं। यदि यह सिलसिला जारी रहा तो यह न सिर्फ उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि राज्य की छवि पर भी प्रश्नचिह्न है। जिला प्रशासन, आबकारी विभाग और राज्य सरकार के सामने सीधे सवाल खड़े हैं कि ओवर-रेटिंग पर अब तक कितने लाइसेंस रद्द हुए? शिकायतों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं?

दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई कब? यह मुद्दा सिर्फ शराब बिक्री का नहीं, बल्कि जवाबदेही और न्याय की समानता का है। रुद्रप्रयाग आस्था का प्रतीक है, क्या यहां कानून भी उतना ही पवित्र रहेगा, या कुछ हाथों में बंधक बना रहेगा। वहीं, जिला आबकारी अधिकारी रमेश बंगवाल ने कहा कि तिलवाड़ा और काकड़ागाड़ में ओवर रेट की शिकायतों का मामला संज्ञान में है। कार्यवाही को लेकर टीमें तैनात की गई हैं।

# एसबी कालेज के छात्रों को दी गई विदाई पार्टी

■ छात्र छात्राओं ने रंगा रंग कार्यक्रम पेश कर मन मोह लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** एसबी कालेज ऑफ एजुकेशन विकासनगर में नवप्रवे. शित छात्रों की फ्रेशर पार्टी एवं संस्थान से अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को विदाई पार्टी दी गई। संस्थान में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने रंगा रंग कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया।

शनिवार को देर शाम कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्राचार्या डा. सुधा वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। ग्रेजुएशन से नवप्रवेशित छात्रों में सुमित मिस्टर फ्रेशर एव कृतिका मिस फ्रेशर चुनी गई। कशिश सैन एवं अंशिका मिस पर्सनेलिटि एवं अंशुल मिस्टर पर्सनेलिटि, ध्रुव मिस्टर हैंडसम,



रचना मिस ब्यूटीफुल, अकांक्षा मिस स्पार्क, हिमांशु मिस्टर स्पार्क रहे। इसी प्रकार बीएड नवप्रवेशित छात्रों में माही मिस फ्रेशर एवं अंकुश को मिस्टर फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। विदाई पाने वाले छात्रों में शाहिल को मिस्टर एसबी एवं काजल को मिस एसबी के खिताब से नवाजा गया।

इस मौके पर शिक्षकों में डा. अमिता शर्मा, प्रियंका कौशिक, जागृति परमार, राखी सोलंकी, मोहिता चोपड़ा, महिपाल नेगी, अमित सैनी, हिमाद्री, कोमल, अंजली, मंजरी एवं छात्र छात्राओं में अनुराग, अंशुल, मनोज, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# आरटीई ऑनलाइन आवेदन, इन कक्षाओं में प्रवेश का मिलेगा मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को निजी गैर-सहायता मान्यता प्राप्त स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश दिलाने के लिए शैक्षिक सत्र 2026-27 की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। प्राथमिक और पहली कक्षा में प्रवेश के लिए पहले चरण में ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा अपडेट एवं नवीन स्कूलों का रजिस्ट्रेशन 6 मार्च से 15 मार्च 2026 तकआवेदन से तक लिए जाएंगे। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के दिशा-निर्देशानुसार, शिक्षा विभाग ने इसके लिए विस्तृत समय-सारणी और पात्रता मानदंड जारी कर दिए हैं। इच्छुक अभिभावक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। **समय सारणी स्कूलों का पंजीकरण:** ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा अपडेट एवं नवीन स्कूलों का रजिस्ट्रेशन 06 मार्च से 15 मार्च तक। **सीटों का सत्यापन:** खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता, वार्ड/ग्राम पंचायत व आरक्षित सीटों की गणना का सत्यापन 23 मार्च तक **ऑनलाइन आवेदन:** छात्रों द्वारा पोर्टल पर आवेदन करने की अवधि 24 मार्च से 02 अप्रैल तक , दस्तावेज जमा करना: खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवे. दन पत्र व अभिलेख जमा करने की अन्तिम तिथि 03 अप्रैल तक **पात्रता की पुष्टि:** पोर्टल पर बच्चों की अर्हता की पुष्टि करने की अन्तिम तिथि 13 अप्रैल तक **लॉटरी प्रक्रिया:** विद्यालयों में प्रवेश के लिए लॉटरी का आयोजन 17 अप्रैल **लॉटरी परिणाम:** उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय/पोर्टल पर परिणाम उपलब्ध कराना 18 अप्रैल तक वहीं प्रवेश प्रक्रिया: स्कूलों में प्रवेश एवं पोर्टल पर बच्चों की सूची अपलोड करना 18 अप्रैल से 30 अप्रैल तक **पात्रता श्रेणियाँ एवं आयु सीमा:** आयु सीमा: प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए 30 जून को न्यूनतम आयु 03 वर्ष और कक्षा-1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम 06 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। **कमजोर वर्ग:** ऐसे अभिभावक जिनकी वार्षिक आय रू. 55,000/- या उससे कम है, या जो ग्रामीण क्षेत्रों के कार्ड धारक हैं। **अपवंचित वर्ग:** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर), अनाथ बच्चे, दिव्यांग बच्चे, और प्रभावित माता-पिता के बच्चे इस श्रेणी में पात्र हैं। तलाकशुदा माता या विधवा महिला के बच्चों हेतु आय सीमा रू. 80,000/- से कम होनी चाहिए। ऑनलाइन पंजीकरण के तत्काल बाद, अभिभावकों को पंजीकरण प्रपत्र की प्रति के साथ आवश्यक दस्तावेज (जन्म प्रमाण पत्र, आय/जाति प्रमाण पत्र आदि) संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करना अनिवार्य है।

## उत्तरकाशी पुलिस अलर्ट: होली और रमजान के लिए सुरक्षा के कड़े इंदराज

उत्तरकाशी: उत्तरकाशी में होली एवं रमजान के पर्व को सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में विभिन्न थाना, कोतवाली में पीस कमेटी की मीटिंग्स आयोजित की गईं, जिसमें विभिन्न समुदायों के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापक चर्चा की गई। उन्होंने सभी से आपसी प्रेम, सम्मान, हर्षोल्लास एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक पर्व होली एवं रमजान को हर्षोल्लास, मर्यादित एवं सभ्य तरीके से मनाने, किसी को जबरन रंग लगाने, हुड़दंग, अभद्र व्यवहार, नशे की स्थिति में वाहन न चलाने अथवा सार्वजनिक शांति भंग करने जैसी गतिविधियों से बचने का आग्रह किया गया। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। होली एवं रमजान के पर्व को सुरक्षित एवं सकुशल तरीके से सम्पन्न करवाने हेतु उत्तरकाशी पुलिस मुस्तैद है। त्योहार की आड में माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। त्योहारों के दौरान पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील/स्थानों पर सतत गश्त तथा पुलिस चौकसी बढा दी गयी है। सोशल मीडिया एवं अन्य किसी माध्यम से भ्रामकता, भड़काऊ अपवाह फैलाने वालों पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है।


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हाईस्कूल के सर्टिफिकेट में मेरा नाम प्रकाश चन्द्र पुत्र श्री नन्दलाल अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम प्रकाश चंद पुरोहित पुत्र श्री नन्द लाल पुरोहित दर्ज है जो कि मेरा सरनेम है। भविष्य में इसी नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाए।

**प्रकाश चंद पुरोहित पुत्र श्री नन्द लाल पुरोहित निवासी तुनवाला, पो.ओ.रांझावाला, देहरादून।**



**न्यायालय सिविल जज (सी. डि.) महोदय रुद्रप्रयाग**

**बनाम**

**प्रतिवादीगण** 1. उत्तराखंड सरकार जरिये जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग। 2. तहसीलदार तहसील उखीमठ जिला रुद्रप्रयाग । 3. ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत धारतोंदला, विकासखंड अगस्तमुनि जिला रुद्रप्रयाग। 3. आम जनता ।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वादिनी. ने मेरे न्यायालय में एक वाद अपने लापता पति वीरेंद्र सिंह की दीवानी मृत्यु की घोषणात्मक डिक्री चाहने बाबत प्रस्तुत किया है, जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 11/03/2026 की तिथि नियत है। यदि किसी को आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को न्यायालय में आपत्ति प्राप्त करें। अतः आप उक्त दिवस को ठीक दस बजे सुबह मेरे न्यायालय में स्वयं / जरिये अधिवक्ता के हाजिर होकर जवाबदेही करे। ऐसा करने में चूक ना हो चूक करने पर मामले में एक पक्षी या कार्यवाही का निस्तारण किया जाएगा।

आज दिनांक 12/02/2026 को मेरे न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया

**आदेशानुसार मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी. डि. ) रुद्रप्रयाग**



**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू. डि. ) रुद्रप्रयाग**

दी. वा. सं. 09/2025

**वादी** - उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा तिलवाड़ा जिला रुद्रप्रयाग द्वारा श्री अभिषेक पंवार पुत्र सुरेंद्र सिंह पंवार उम्र 37 वर्ष शाखा प्रबंधक उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा तिलवाड़ा जिला रुद्रप्रयाग। मो. न. 9997969622

**बनाम**

**प्रतिवादीगण** - मैं. पप्पू फैंसी स्टोर प्रो. पप्पू पुत्र बूरे खान ग्राम गीड़ भूतेर पो.ओ. तिलवाड़ा जिला रुद्रप्रयाग मो. न. 6368094610 . 2. सोहन सिंह पुत्र जयपाल सिंह ग्राम कंडोगी जिला टिहरी गढ़वाल मो. न. 9720987551. 3. सतीश चंद्र पुत्र राधेलाल ग्राम एवं पोस्ट खल्याण बांगर जिला रुद्रप्रयाग मो. न. 7535977083.

वादी द्वारा प्रतिवादीगण के विरुद्ध धारा 09 दी प्र. संहिता का एक वाद द्वारा मेरे न्यायालय सिविल जज (जू. डी) रुद्रप्रयाग में दी. वा. सं 09/2025 उत्तराखंड ग्रामीण बैंक बनाम पप्पू फैंसी स्टोर व अन्य का प्रस्तुत किया है, जिसमें जवाब दावा हेतु दिनांक 05/03/2026 को तिथि नियत है। अतः आप उक्त तिथि दिनांक 05/03/2026 को प्रातः ठीक 10 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं / जरिए अधिवक्ता उपस्थित होवे ऐसा करने में चूक करने में आपके विरुद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। आज दिनांक 16 / 02/ 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया।

**आदेशनुसार**
**रीडर मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू. डी. )**

# त्योहरों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

## पुलिस की अपील: शांति और सौहार्द्र के साथ मनाएं रमजान और होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी होली पर्व और रमजान को शांति, सौहार्द और सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को पीस कमेटी की बैठक कोतवाली सभागार के मीटिंग हॉल में एसपी क्राइम की अध्यक्षता में सपन्न हुई। बैठक में एसडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, नगर आयुक्त सहित बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक सहित मुखानी, काठगोदाम, मंगलपड़ाव कई प्रभारी सहित विभिन्न हिंदू, मुस्लिम और सिख समुदायों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधिगण, व्यापार मंडल पदाधिकारी, समाजसेवी संगठन, पार्षद मौजूद रहे। बैठक में सभी धर्मों के नागरिकों से अपील की गई



कि वे होली और रमजान पर्व को आपसी भाईचारे, पारस्परिक सम्मान और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। सोशल मीडिया पर भ्रामक, उत्तेजक या अफवाह संबंधी पोस्ट साझा न करने और केवल सत्यापित जानक. ारी ही प्रसारित करे। संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त और पिकेट ड्यूटी सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही डीजे और लाउडस्पीकर का उपयोग शासन द्वारा निर्धारित मानकों और समय-सीमा के अनुरूप किया जाएगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 पर तुरंत दे। शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन के दौरान चैन स्नैचिंग और अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए पिकेट/गश्त और सादे वस्त्रों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जाएगी और आपत्तिजनक पोस्ट पर तत्काल विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से इन पर्वों के दौरान विद्युत और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया। रमजान माह के दौरान नमाज और इफ्तार के समय यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। बैठक के दौरान सभी मौजूद जनप्रतिनिधियों और समुदाय के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और शहर में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में एडीएम विवेक राय, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ अमित कुमार सैनी, कोतवाल विजय मेहता, बनभूलपुरा प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी इन्द्रपाल, मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी, काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा सहित कई थाना चौकी प्रभारी मौजूद मौजूद रहे।

## मतदाता सूचियों की मैपिंग का 75 फीसदी कार्य पूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान मतदाता सूचियों की मैपिंग 2003 की मतदाता सूचियों से की जा रही है। अब तक इस कार्य का औसतन 75 फीसदी हिस्सा पूरा किया जा चुका है। जिन मतदाताओं की मैपिंग अभी तक पूरी नहीं हो पाई है, उनके लिए निर्वाचन रजिस्ट्रेशन ऑफिसर/नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी द्वारा मतदान केंद्रों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का आयोजन विभिन्न तिथियों और समय पर किया जाएगा, जिसका विस्तृत रोस्टर जारी कर दिया गया है। सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और सुपरवाइजरों को पहले से ही समस्त तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, राजनी. तिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट्स और क्षेत्रीय पार्षदों से भी इस शिविर के प्रचार-प्रसार की अपील की गई है, ताकि मैपिंग से छूटे हुए मतदाताओं को इसका लाभ मिल सके। शिविरों की निगरानी और जांच के लिए सहायक नगर आयुक्त, नायब तहसीलदार और तहसीलदार हल्द्वानी को जिम्मेदारी सौंपी गई है और उनके लिए विभिन्न केंद्र आवंटित किए गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी स्वयं भी इन शि. विरों में जाकर कार्य की समीक्षा करेंगे। नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ने 59 हल्द्वानी विधानसभा के मतदाताओं से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचे और बीएलओ के घर-घर जाकर किए जाने वाले सत्यापन कार्य में उनका सहयोग करें। साथ ही, निवेदन किया है कि जो भी मतदाता वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज थे, वे अपना विवरण संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि उनका नाम पुनः मतदाता सूची में शामिल किया जा सके और वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## मंगलपड़ाव व लालकुआं से दो शराब तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलपड़ाव व लालकुआं पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनो तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया। बता दें कि आगामी होली और रमजान पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बीते शनिवार की रात्रि मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी मय टीम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे तभी एक स्कूटी संख्या यूके 04यू-6470 आती दिखाई दी। स्कूटी को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमें से 3 पेटी अवैध शराब बरामद की। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम सोनू शर्मा पुत्र स्व. सतपाल शर्मा निवासी खन्ना फार्म तीनपानी बताया। उसने बताया कि वह स्कूटी के माध्यम से शराब की सप्लाई करता है और अच्छा मुनाफा कमाता है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए तस्कर के खिलाफ आबक. ारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। वहीं दूसरी ओर लालकुआं पुलिस भी जयपुर बीसा क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्ति की तलाश के लिए वाहन चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने शराब तस्कर लाल सिंह पुत्र स्व. बहादुर सिंह निवासी जयपुर बीसा हल्दूचौड़ को 54 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## टीपीनगर पुलिस ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** टीपीनगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 51 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार कोतवाल विजय मेहता के नेतृत्व में कांस्टेबल गगनदीप सिंह, अनिल टम्टा, नीरज कुमार टीपीनगर पुलिस क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी चेकिंग के दौरान हरिपुर जमन सिंह तिराहे के पास बहादुर सिंह पुत्र स्व. शंकर सिंह निवासी हरिपुर जमन सिंह रामपुर रोड हल्द्वानी को 51 पाउच कच्ची शराब की तस्करी करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## कूड़े में लगी आग, चपेट में आए डंपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा के इंद्रानगर में रविवार शाम कूड़े के ढेर में लगी आग ने दो डंपरों को चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि गौला गेट के पास खड़े खनन के दो डंपरों में आग लग गई थी। एफएसओ एमपी सिंह के अनुसार, आग डंपरों के इंजन में लगी थी। पास में जल रहे कूड़े के ढेर और तेज हवा की वजह से आग फैल गई थी। समय रहते दमकल टीम की मौजूदगी से बड़े नुकसान को रोका जा सका।

## होलिका दहन आज, छलड़ी चार को

**हल्द्वानी।** हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में इस वर्ष होलिका दहन का आयोजन कल यानि आज सोमवार को किया जाएगा। मंच द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, होलिका दहन का शुभ मुहूर्त सांय 6 बजकर 9 मिनट से 8 बजकर 39 मिनट बजे तक रहेगा। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने इस जानकारी को साझा करते हुए क्षेत्र के सभी नगरवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उत्थान मंच परिसर में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक रूप से मनाई जाने वाली छरड़ी 4 फरवरी को होगी। मंच ने होलिका दहन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सभी से उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।

## हाथियों से टक्कर के बाद मोपेड सवार दो भाइयों की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रिश्ते के दो भाई शनिवार रात मोपेड पर सवार होकर रुद्रपुर जा रहे थे, जब उनका वाहन टांडा जंगल में हाथियों के झुंड से टकरा गया। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शव को मॉर्चरी भेजा। रविवार को दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंपे। पुलिस के अनुसार कटरा शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश निवासी शकीन (26) पुत्र मुन्ना व जफर (28) पुत्र शब्बीर बनभूलपुरा के गफूर बस्ती में रहकर शहर में आर्टिफीशियल ज्वैलरी और कपड़ों की फेरी लगाने का काम करते थे। बीते शनिवार की रात दोनों मोपेड पर



सवार होकर रुद्रपुर के लिए निकले थे। दोनों अभी रामपुर रोड स्थित बेल. बाबा मंदिर से कुछ दूरी पर टांडा जंगल में पहुंचे थे कि तभी अचानक उनके आगे हाथियों का झुंड आ गया। अंधेरे की वजह से मोपेड सवार हाथियों के झुंड को देख नहीं पाए और टकरा गए। बताया जा रहा कि टक्कर लगते ही मोपेड सवार सड़क पर गिर गए। झुंड से टक्कर के बाद नाराज हाथियों ने मोपेड सवारों पर हमला कर दिया। हाथियों ने उन्हें बुरी तरह कुचल डाला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में दोनों को सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने शकील को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल जफर को उपचार के लिए बरेली रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

# पर्वतीय पत्रकार महासंघ के होली मिलन में छाई उमंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय पत्रकार महासंघ उत्तराखंड द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह इस वर्ष विशेष उल्लास और उमंग से परिपूर्ण रहा।

### वृंदावन की रंगीन छटा से महका माहौल

कार्यक्रम में वृंदावन की पारंपरिक होली की शानदार झलक ने उपस्थित जनसमूह को भक्तिमय और उल्लासित कर दिया। रंग, गुलाल और फूलों की होली के साथ साथ गीतों की मधुर धुनों ने संपूर्ण वातावरण को उत्सवमय बना दिया। समारोह में पारंपरिक फाग गायन और रंगों की बौछार के बीच सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की



शुभकामनाएं दी। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं राज्य आंदोलनकारी ललित जोशी और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल मौजूद रहे। अतिथियों ने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन समाज और पत्रकारिता के बीच आत्मीयता, संवाद और समन्वय को मजबूत करते हैं। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक डा. दिनेश जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष डा. मदन मोहन पाठक, भावना पाठक, डा. पंकज उप्रेती, जिला सूचना अधिकारी गिरजा जोशी, पत्रकार संजय जोशी, अशोक गुलाटी, संजय पाठक, तारु तिवारी, आनंद बत्रा, दीपक मनराल, सुरेंद्र मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

## होली के रंग में जमकर थिरके जनप्रतिनिधि

**हल्द्वानी।** रविवार को रामपुर रोड के चांदनी चौक घुड़दौड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर गजराज सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में



मौजूद रहे। मुख्य अतिथि गजराज सिंह बिष्ट ने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का प्रतीक पर्व है, जिसे हमें उत्साह और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। इस होली मिलन समारोह ने क्षेत्र में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिष्ट, राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, मोहन पाठक, प्रधान मनीष कुल्याल, किशन दरम्वाल, निशा कुल्याल, गंगा देवी, कमल बेलवाल, गंगोत्री देवी, अनीता बिष्ट, अर्चना, नरेश सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य भूपेंद्र क्वीरा, हेमा दरम्वाल, सुनीता निगल्टिया, नेहा गोस्वामी, सोनी दुर्गापाल, भूप्पी क्वीरा, ललित नेगी, कुलदीप कुल्याल, जगदीश सिंह, विक्रम नेगी, और हरीश नेगी सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की।

## कल चन्द्रग्रहण, ज्योतिषीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार 3 मार्च को अंग्रेजी वर्ष का पहला और सनातन वर्ष का अंतिम चन्द्रग्रहण होगा। यह ग्रहण खण्डग्रास अवस्था में भारत सहित पूर्वी एशिया, आस्ट्रेलिया, अमेरिका और प्रशांत महासागर में देखा जाएगा। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय के जानकारी देते हुए बताया कि इसका प्रभाव नकारात्मक होगा। अगले पंद्रह दिनों तक युद्ध, राजनीतिक अस्थिरता, सीमाओं पर तनाव और आर्थिक उथल-पुथल हो सकती है। चन्द्रग्रहण का स्पर्श उत्तराखंड में 3 बजकर 20 मिनट, मध्यकाल 5 बजकर 3 मिनट और मोक्ष 6 बजकर 47 मिनट में होगा। सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ होगा। **राशियों पर प्रभाव:** मेष-मान-सम्मान में कमी, वृषभ-धन लाभ, मिथुन-धन की पूर्ति, कर्क-धन का अपव्यय, सिंह-मानसिक तनाव, कन्या-कार्यक्षेत्र में परेशानी

तुला-धन प्राप्ति, वृश्चिक-मान. सिक और शारीरिक पीड़ा, धनु-संतान संबंधित परेशानियां, मकर-सुख-सौभाग्य में वृद्धि, कुम्भ-वैवाहिक जीवन में परेशानी, मीन-कष्टदायक स्थिति

## सीपीएस किड्स स्कूल में वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीपीएस किड्स स्कूल, त्रिलोक नगर में वार्षिक पुरस्कार समारोह धूमधाम और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के पार्षद मुकुल बल्यूटिया, विद्यालय की संस्थापक



सुषमा जोशी, एवं प्रधानाचार्य पूजा जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान वार्षिक पुरस्कार समारोह में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और लघु नाटिका की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें अभिभावकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि मुकुल बल्यूटिया ने विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम का महत्व समझाया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान दिए गए। जबकि कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## लायंस क्लब का होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के तत्वावधान में रिया पैलेस के विशाल सभागार में होली मिलन समारोह और विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लायंस क्लब के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, सचिव निशुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल और मुकेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर लकी ड्रा के विजेताओं में शिव कुमार अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, राखी अग्रवाल, विजय श्रीवास्तव और निशुल अग्रवाल को लायंस क्लब के अध्यक्ष डा. प्रमोद गोल्डी और अनीता अग्रवाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके बाद कार्यक्रम में होली हंगामा और होली टाइटल अवार्ड का संचालन अंशील



वर्मा और डा. प्रमोद अग्रवाल ने किया। सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम के दौरान, लगभग तीन दर्जन लायंस महिला एवं पुरुष सदस्यों को मजेदार और हास्यपूर्ण टाइटल्स देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी पुरुष और महिला सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी और फिर सभी ने मिलकर डांस का आनंद लिया। इस मौके पर विजय श्रीवास्तव, ज्योतिष राजीव श्रीवास्तव, प्रेक्षा अभिनव बिश्नोई, कनक अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, रचना अग्रवाल, बिना वर्मा, सुमन जैन, विनीता शर्मा, रेणुका गर्ग, अजय कृष्ण गोयल, पंकज अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, सिंपी, अशोक जैन, साधना जैन, संदीप अग्रवाल, राजू भोसले, सुनीता, रेनू और उषा रहे।

## बाइक फिसलने से मदरसे के शिक्षक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाइक असंतुलित होकर फिसल जाने से मदरसा शिक्षक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। यूपी के जनपद मुरादाबाद की ठाकुरद्वारा तहसील अंतर्गत ग्राम दुल्हापुर निवासी 40 वर्षीय मौहम्मद नईम पुत्र मौहम्मद यूनुस रामनगर स्थित एक मदरसा में पढ़ाकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोतवाली कुंडा क्षेत्र के भरतपुर पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर फिसल गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## होली के रंगों के बीच उठा न्याय का स्वर



रूद्रप्रयाग। होली के उल्लास और रंगों के बीच इस बार रुद्रप्रयाग नगर में महिलाओं की आवाज में उत्सव से ज्यादा आक्रोश और पीड़ा सुनाई दी। नगर के गुलाबराय मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला कार्यकत्रियों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने बहिनख्रबेटी अंकिता भंडारी को जल्द से जल्द न्याय दिलाने की पुरजोर मांग उठाई।

महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि जिस निर्ममता से अंकिता की हत्या कर उसके माताख्रपिता की दुनिया उजाड़ दी गई, वह समाज के लिए कलंक है। "ऐसे दरिंदों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। जब तक दोषियों को सख्त दंड नहीं मिलता, तब तक हर त्यौहार अधूरा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## मीना करोड़ा के काव्य नाटक 'सीता निर्वासन' का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद उत्तराखंड के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हल्द्वानी निवासी मीना अरोड़ा द्वारा रचित काव्य नाटक 'सीता निर्वासन' का लोकार्पण अखिल भारतीय अध्यक्ष डा. सुशील त्रिवेदी 'मधुपेश', महामंत्री डा. पवनपुत्र बादल, प्रान्त संघचालक उत्तराखंड डा. बहादुर सिंह बिष्ट, प्रान्त प्रचारक उत्तराखण्ड डा. शैलेन्द्र, पद्मश्री डा. माधुरी बर्थवाल, डा. जगदीश पंत 'कुमुद', प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद् मयंक मित्तल, गोपाल भट्ट, प्रमुख व्यवसायी तथा कार्यक्रम के संयोजक सौरभ पाण्डेय, प्रदेश सहमंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद् उत्तराखंड के कर कमलों से



किया गया। आयोजन में श्री आदर्श, युवा शोध आयाम प्रमुख अखिल भारतीय साहित्य परिषद् उत्तराखण्ड, मनोज अखिल भारतीय संगठन मंत्री, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, मोहन पाठक, प्रदेश मंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद् उत्तराखण्ड तथा पुष्पलता पुष्पांजलि की गरिमामय उपस्थिति रही। मीना अरोड़ा काव्य नाटक रचने वाली प्रथम महिला हैं। सीता निर्वासन से पूर्व इनका काव्य नाटक सम्भवामि युगे युगे भी प्रका. शित हुआ है। मीना अरोड़ा लंबे समय से साहित्य सेवा में साधनारत हैं। मीना अरोड़ा ने साहित्य की लगभग सभी विधाओं पर अपनी लेखनी चलाई है। इनके द्वारा लिखे गये उपन्यास पर शोधार्थियों द्वारा विभिन्न यूनिवर्सिटीज में शोधकार्य भी किए गए हैं।

## अमेरिकी साम्राज्यवाद और इजरायल के हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन क्रालोस और परिवर्तनकामी छात्र संगठन पछास ने संयुक्त रूप से रविवार को अमेरिकी साम्राज्यवाद और इजरायल के हमले के खिलाफ बुद्ध पार्क तिकोनिया में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनों संगठनों ने अमेरिकी और इजरायली शासकों के पोस्टर जलाए और उनके खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बीते 28 फरवरी को अमे. रिकी साम्राज्यवादी और इजराइल के शासकों ने मिलकर ईरान पर हमला किया, जिसमें कई मिसाइलें दागी गईं। एक हमले में ईरान के 50 से अधिक स्कूली बच्चों के मारे जाने की खबरें आईं और आम नागरिकों को भारी नुकसान हुआ। यह हमला सीधे तौर पर अमेरिकी तानाशाही और



उनके विस्तारवादी इरादों का परिणाम है। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल और अरब देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया। अमे. रिका ने इस हमले का उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियारों से वंचित करना बताया, जबकि ईरान की सरकार का कहना है कि यह हमला अमेरिका और इजरायल की साम्राज्यवादी नीतियों का हिस्सा है। वक्ताओं ने कहा कि अमेरिका का असली उद्देश्य खामेनेई की सरकार को सत्ता से बाहर करना और ईरान के तेल संसाधनों की लूट करना है। ट्रम्प ने खुलेआम ईरान सरकार से अमेरिकी मांगों को स्वीकार करने का अल्टीमेटम दिया और ईरानी जनता को तख्तापलट के लिए तैयार रहने को कहा। इस मौके पर टीकाराम पांडे, मुकेश भंडारी, महेश, रियासत, प्रकाश मौजूद रहे।

Mahindra & Mahindra Ltd. SYNISE e-Sale & Sourcing
E-Auction
Disposal of Arising Scrap and Hazardous Material (Licence/EPR Mandatory) through E-Auction (All Plants)
Auction Dates : Farm Division 05.03.2026 to 09.03.2026
Auto Division 10.03.2026 to 17.03.2026
Registration will close 1 day prior to auction.
For Contract Period & other details | Please visit - synise.com
sanjivl@synise.com, 8308810318 | deepalik@synise.com, 7499157671

# आकिब ने जेके को खेलों में दिलाई नई पहचान



● **आकिब नबी ने 60 विकेट चटकाए, जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे, और अपनी टीम को चैंपियन बनाया**

**श्रीनगर, वार्ता।** 'आकिब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान', ए जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आकबि नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आखिरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था। उन्हें यह नहीं पता था कि मैच कब समाप्त होगा तो विजई लम्हों को मिस न करने के लिए वह काफी जल्दी ही घर से निकल गए थे। रसूल वर्तमान समय में जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल में कोचिंग कर रहे हैं। अपने एक दशक से भी लंबे करियर और आईपीएल से हुई कमाई से उन्होंने अपने होमटाउन में साउथ कश्मीर क्रिकेट अकादमी बनाई है। लगभग दो सप्ताह से वह अपनी अकादमी के बच्चों से यही सुन रहे हैं कि वे भी नबी जैसी गेंदबाजी करना चाहते हैं। जब हमने सुना कि जम्मू-कश्मीर के एक खिलाड़ी को इतनी शोहरत मिल रही है तो ए काफी शानदार बात थी। आकिब ने हमें गर्व महसूस कराया है और उनके परिवार को भी गर्व है। उन्होंने और पूरी टीम ने मिलकर हमारे राज्य को खेलों में नई पहचान दिलाई है। मुंबई में इरफान पठान को बहुत सारे लोगों से बधाई मिल रही है। वह फिलहाल टी-20 विश्व कप में कमेंट्री कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने हुबली में खेले गए फाइनल पर करीबी निगाह रखी थी। 2019-20 में पठान को जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ ने मेंटॉर बनाया था। उनके वहां रहते हुए अब्दुल समद और नबी समेत कई टैलेंटेड युवा खिलाड़ियों ने अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया। उन्होंने युवा रसिख डार को भी काफी समर्थन दिया जो बाद में उम्र से छेड़छाड़ वाले मामले में बैन भी हुए थे। जम्मू-कश्मीर में लाल मिट्टी की पिचों की कमी होने के कारण पठान को अलग तरह सोचने पर मजबूर होना पड़ा। ऑफ सीजन में वह पूरी टीम को ट्रेनिंग के लिए बड़ौदा लेकर चले गए। भले ही पठान चले गए, लेकिन मैनेजमेंट ने उनके द्वारा किए गए कामों की सराहना की और उसको आगे बढ़ाते रहे। पठान ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट को छोड़े हुए पांच साल हो गए, लेकिन ए जीत काफी व्यक्तिगत लगती है। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार वहां गया था तो रसिख अपने छह और कजिन्स के साथ ट्रॉयल पर आया था और उसने कहा था कि ए सब भी मेरी तरह खेलना चाहते हैं। वह मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल सीजन बिताकर आ रहा था। यदि एक इंसान के आईपीएल में खेलने का ए प्रभाव था तो सोचिए जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी जीतने का क्या असर होगा? ए उन्हें एक पहचान देगी। मैंने भारतीय क्रिकेट सिस्टम को एक टीम के लिए इस तरह एकजुट होते नहीं देखा है जैसा कि वे जम्मू-कश्मीर के लिए हुए। ए टीम इसकी हकदार है। जम्मू में फारुख मोहम्मद को भरोसा नहीं हो रहा है कि उनका बेटा रणजी चैंपियन है।

# हीली ने 98 गेंदों में ठोके 158 रन

● **ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया, भारत को 224 पर ढेर किया**

**होबार्ट, वार्ता।** एलिसा हीली ने अपनी आखिरी इनिंग्स में रविवार को 98 गेंदों पर शानदार 158 रन बनाकर वनडे क्रिकेट को एक परीकथा जैसा अलविदा कहा, जबकि बेथ मूनी ने नाबाद सेंचुरी बनाई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 45.1 ओवर में 224 रन पर ढेर कर मुकाबला 185 रन से जीत लिया और सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। हीली को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।



लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की तरफ से स्नेह राणा ने सर्वाधिक 44 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाए।

# श्रीलंका के हेड कोच का पद छोड़ेंगे सनत जयसूर्या

**पल्लेकेले, वार्ता।** सनत जयसूर्या ने श्रीलंका पुरुष टीम के हेड कोच पद से हटने का फैसला कर लिया है।

उन्होंने यह निर्णय पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की बेहद करीबी हार के बाद सार्वजिनक किया, जिसके साथ ही टीम का विश्व कप सफर भी खत्म हो गया। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर अभी तक श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को इसकी सूचना नहीं दी है, लेकिन उनका कहना है कि वह पहले ही तय कर चुके थे कि यह विश्व कप इस भूमिका में उनका आखिरी असाइनमेंट होगा। जयसूर्या ने कहा कि मुझे लगा कि अब यह जिम्मेदारी किसी और को देने का वक्त आ गया है। इसीलिए लगभग दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान मैंने कहा था कि इस नौकरी में लंबे समय तक बने रहने की मुझे उम्मीद नहीं है। तब तक मैं यह फैसला कर चुका था।















# चेन्नई सुपरकिंग्स के प्री-सीजन कैंप में धोनी भी हिस्सा लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स रविवार (1 मार्च) से अपनी आईपीएल की तैयारी शुरू करेगी। मैनेजमेंट ने कन्फर्म किया है कि 24 घंटे में एक कैंप शुरू होगा और सभी भारतीय खिलाड़ी इसके लिए इकठा होंगे। सीएसके के स्टार खिलाड़ी एमएस धोनी भी कैंप का हिस्सा होंगे। फ्रेंचाइजी के सीईओ काशी विश्वनाथन ने शनिवार (28 फरवरी) को क्रिकबज को बताया कि हां, मैं कन्फर्म कर सकता हूं कि हमारा कैंप कल शुरू होगा और एमएस भी इसका हिस्सा होंगे।



































# सम्पादकीय

सोमवार, 2 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## लो हो गया हमला

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। शनिवार को इजरायल व अमेरिका ने ईरान पर सीधे हमला कर दिया। जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई सहित 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसमें ईरान के सेना प्रमुख भी शामिल हैं। खबर तो यह भी आ रही है कि इस हमले में खामेनेई के दामाद, बेटी, पोती भी मारी गए हैं। अमेरिका इजरायल जहां इस कार्रवाई को बड़ी कामयाबी बता रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्होंने एक क्रूर तानाशाह का अंत किया है, वह ईरानी जनता को आजादी दिलाने की बात भी कह रहे हैं, तो वहीं ऐसे देशों की भी कमी नहीं है जो अमे. रिका इजरायल की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए इसकी निंदा कर रहे हैं और इसको हमला नहीं बल्कि हत्या बता रहे हैं। जाहिर है, खामेनेई की मौत ने हालात को बद से बदतर बना दिया है। दोनों तरफ से हवाई हमले हो रहे हैं। इजरायल अमेरिका जहां लड़ाकू विमानों से हमले कर रहे हैं तो वहीं ईरान ताबड़तोड़ अपनी मिसाइलों का प्रदर्शन कर रहा है। उसकी मिसाइलों की जद में करीब 8 से अधिक देश आ चुके हैं। जिसमें मिडिल ईस्ट के दुबई, कतर, सऊदी, ओमान, बहरीन, इजरायल जैसे देश हैं। निश्चित रूप से जिस तरह की कार्रवाई ईरान ने अब तक की है, उससे इजरायल व अमे. रिका जरूर सक्ते में आए होंगे, क्योंकि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद यह पहला अवसर है, जब अमेरिकी सैन्य बेस पर सीधे किसी देश ने हमला किया। युद्ध बराबर जारी है और दोनों तरफ से नुकसान की भारी खबरें आ रही हैं। हालात किधर जाएंगे, कहना मुश्किल है। मुश्किल इसलिए भी कि आज दुर्भाग्य से दुनिया में कोई भी ऐसी संस्था नहीं है जो दो देशों के विवादों को नियंत्रित कर सके। जो संस्था इसलिए बनाई गई थी कि वह आगे युद्ध नहीं होने देगी और दूसरे विश्वयुद्ध से सबक लेते हुए आपसी बातचीत से ही देशों के बीच मतभेदों को हल कराएगी, वह विश्व संस्था आज पंगु बन चुकी है। हर कोई जानता है कि अब संयुक्त राष्ट्र के पास न नैतिकता बची है और न ही किसी तरह की कोई शक्ति है। नतीजा सामने है जिसकी मरजी में जो आ रहा है वह कर रहा है। बड़े मुल्क छोटे देशों को धड़ल्ले से दबा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प तो तमाम हदों को पार करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने हाल ही में कैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अपने देश ले आए और अब ईरान में सरकार बदलने की तैयारी हो रही है। यह खुली गुंडागर्दी नहीं तो और क्या है। अगर समय रहते इन सब बातों का हल नहीं निकला, तो दुनिया अराजकता के घोर अंधकार में चली जाएगी। जहां जिसकी लाठी उसी का राज कहावत चरितार्थ होगी, पहले से ही रूस-यूक्रेन, इजरायल-फलस्तीन जैसे युद्धों की कमी नहीं थी अब ईरान-अमेरिका/इजरायल उलझते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है, दुनिया इस समय वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी है।

### संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव तथा खाड़ी देशों का घटनाक्रम आपत्ति. जनक है, खुद को लोकतांत्रिक दुनिया का नेता बताने वाले देशों द्वारा संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और उनकी कार्रवाई में निर्दोष लोगों की मौत हो रही है, इस तरह की कार्रवाई किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराई जा सकती है, इस संघर्ष में कई देशों का घसीटा जाना बेहद दुखद है और इससे वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी, दुनिया को और अधिक अनावश्यक युद्धों की नहीं, बल्कि शांति और संवाद की आवश्यकता है, आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देती है, विश्व नेतृत्व को प्रतिशोध की राजनीति छोड़कर शांति और मानवता के मार्ग पर चलना चाहिए, प्रधानमंत्री मोदी प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित देश लाने के लिए हरसंभव प्रयास करें। **–प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव और सांसद**

## न्यूट्रिशनल लेवल देखकर करें खाने-पीने की चीज़ों का इस्तेमाल

अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिक. ांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफांइड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एडं इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफसएएसएआइ) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इस वर्ष फरवरी तक इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा, लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा। सीएसई निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। उनके अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संच. ालन करने वाले डॉक्टर ने कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है।





डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एडं न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है। इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्राय: यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपंसद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समोसा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्र में ट्रांस फैट पाया जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## जल से भी संभव है बीमारियों का इलाज!

**हमारे फेफड़ों से बाहर निक. ाली गई सांस के रूप में, मलाशय से मल के रूप में तथा मूत्र के रूप में पानी ही बाहर निकलता है। जल ही शरीर के सभी अंगों के विषैले तत्व ढोकर बाहर निकालता है। फेफड़े, त्वचा, आंतें, आमाशय, गुर्दे तथा हृदय अपना-अपना काम करने के लिए जल की शक्ति पर ही निर्भर रहते हैं। जल केवल अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से निकालने का ही कार्य नहीं करता अपितु यह एक अनिवार्य जीवन तत्व भी है। इसके बिना जीवित नहीं रह सकते। शरीर में जल की अत्यधिक कमी से डिहाइड्रेशन हो सकता है और रोगी की मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए उल्टी या दस्त के जरिए शरीर से अत्यधिक जल निकलने की स्थित मिं तुरंत जल की आपूर्ति बढ़ाई जानी चाहिए। भोजन करने से पहले कभी पानी नहीं पीना चाहिए परंतु यदि प्यास ज्यादा हो तो एक-दो घूंट पानी पिया जा सकता है। परंतु अधिक पानी पीने से पेट की भूख शांत हो जाती है।**

क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर पंचतत्व हैं, जिनसे हमारा शरीर बना है। हमारे जीवन में जल के महत्व से सभी परिचित हैं। जल की संरचना में दो भाग हाइड्रोजन और एक भाग ऑक्सीजन का योगदान होता है। छह प्रकार के रसों, मधुर, कटु, अम्ल, लवण, कषाय तथा तिक्त के स्वाद का अनुभव हम जल के कारण ही कर पाते हैं। थकावट, सुस्ती, बेहोशी, नींद और कोष्ठ बद्धता को दूर करने में जल की भूमिका किसी से भी छिपी नहीं है। स्नान करने पर यह शरीर को निर्मल और तरोताजा बनाता है। यह शरीर के भीतर-बाहर के सभी दोषों को दूर कर देता है हाइड्रोपैथी अर्थात पानी से उपचार में सोच समझ कर पानी का इस प्रकार प्रयोग किया जाता है कि विभिन्न शरीर के भागों जैसे आमाशय, छोटी आंत, बड़ी आंत, मूत्राशय, मलाशय आदि में जमे दोषों को शरीर से निकाल देता है। कोष्ठ बद्धता 'कब्ज) जो अनेक रोगों की जननी है, के निराकरण के लिए जल-चिकित्सा सबसे अच्छा उपाय है। संसार की प्राचीनतम पुस्तक ऋग्वेद में भी जल की महत्ता का वर्णन किया गया है। इसमें जल को औषधि तथा समस्त रोगों का नाशक कहा गया है। हमारे शरीर में लगभग 70 प्रतिशत जल है। जल का सबसे प्रमुख कार्य हमारे शरीर को कठोर बनाना है। हर एक बदलते मौसम के अनुरूप शरीर को ढालने के लिए जल के गुणों का विभिन्न प्रकार से लाभ उठाया जा सकता है। नंगे पैर फर्श पर या गीली ओस पर सैर करने से हमारे मस्तिष्क और आंखों में विशेष तरावट पहुंचती है और शरीर को अभूतपूर्व शांति का अहसास होता है। नंगे पैरों गीले पत्थरों पर चलने से शरीर में उपस्थित अनावश्यक गर्मी खत्म हो जाती है। जिन लोगों को पैरों के तलुओं में (बर्निंग सैन्सैशन) की शिकायत हो उनके लिए यह सबसे अच्छा उपाय है। पित्तजनित रोगों के निदान के लिए शीतल जल में चलना लाभकारी हो सकता है। ठंडे जल से हाथ मुंह धोने तथा बर्फबारी के तुरंत बाद बर्फ पर चलने से शरीर को चैतन्य की प्राप्ति होती है, उसमें चुस्ती-फुर्ती आ जाती है। इसी प्रकार घुटनों, सिर और गर्दन पर शीतल जल का धारापात भी स्वास्थ्यवर्धन का अचूक साधन है। क्योंकि जल का सबसे बड़ा गुण यही है कि यह संपर्क में आते ही शीघ्रता से उसकी उष्णता सोख लेता है। नंगे पैर चलने का धारापात की अवधि का निर्णय आप स्वयं ही कर सकते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए भोजन और व्यायाम के साथ-साथ स्नान को भी महत्वपूर्ण माना गया है। दैनिक स्नान का महत्व इसी बात से स्पष्ट है कि भारतीय धर्मग्रन्थों में स्नान को नित्य कर्तव्य माना गया है। गर्मियों में प्रात: व सायं दो बार स्नान करना चाहिए। शीतकाल में एक बार स्नान करना अति आवश्यक है। जो व्यक्ति शीतकाल में प्रतिदिन नहीं नहाते उन्हें कई रोग आ घेरते हैं। साथ ही उनका स्वभाव भी चिड़चिड़ा हो जाता है। जिस प्रकार पेशाब के द्वारा शरीर से क्लोराइडस तथा नमक आदि निकल जाते हैं, उसी प्रकार शरीर के भीतर के दूषित अम्ल तथा अन्य अपशिष्ट द्रव्य हमारी त्वचा पर बने रोमकूपों से पसीने के रास्ते निकल जाते हैं। प्रतिदिन शरीर को जल से धोया जाना चाहिए अन्यथा पसीने के साथ निकले पदार्थों से रोमकूप बंद हो जाएंगे, इससे पसीना निकलने का मार्ग अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे शरीर के भीतर के विषैले पदार्थ रक्त में मिल जाएंगे और अनेक प्रकार के रोग आ घेरेंगे। जल की कितनी मात्रा का उपयोग किया जाए यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके शरीर की प्रकृति कैसी है ठंडी अथवा गर्म। इसके अतिरिक्त आदत, उम्र, समय तथा शारीरिक स्वास्थ्य का स्तर भी प्रयोग किए जाने वाले जल की मात्रा को प्रभावित करता है। गर्मियों में ताजे, ठंडे, निर्मल जल का प्रयोग करना चाहिए जबकि सर्दियों में या शीत ऋतु में सहन करने योग्य गर्म जल का प्रयोग किया जाना चाहिए।



## केजरीवाल संबंधी निर्णय : संकेत, संदेश व सियासत



तनवीर जाफरी

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पिछले दिनों विवादित दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई द्वारा अदालत में पेश किए गए सबूतों को कमजोर और अपर्याप्त बताया और कहा कि आरोपियों की कोई आपराधिक साजिश या इरादा साबित नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि केवल दावे पर्याप्त नहीं होते बल्कि ठोस सबूत होने भी जरूरी हैं। अदालत ने कहा कि चार्जशीट में खामियां हैं और कोई साक्ष्य भी नहीं मिला। इस अदालती फैसले के बाद राजनैतिक हल्कों में हलचल तेज हो गई है। गौरतलब है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति का उद्देश्य शराब की बिक्री का निजीकरण कर ग्राहक सुविधा बढ़ाना और शराब की काला बाजारी रोकना बताया गया था। परन्तु जुलाई 2022 में मुख्य सचिव की रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियां, मनमाने फैसले और 500 करोड़ से अधिक का नुक्सान बताते हुए दिल्ली के तत्कालीन एल जी, वी के सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की।

उस समय केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्थाओं सीबीआई और ईडी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस नई आबकारी नीति को निजी शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था। जिसमें 100 करोड़ के कैशबैक आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को मिले। तत्कालीन मुख्य मंत्री



अरविन्द केजरीवाल को इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया। इसके बाद जुलाई 2022 में एलजी की सिफारिश से ही अगस्त में सीबीआई व ईडी द्वारा केस रजिस्टर्ड किया गया तथा सितंबर में नई आबकारी नीति रद्द कर दी गई । इसी के बाद फरवरी 2023 में मनीष सिसोदिया को और मार्च 2024 में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

अब जहां संबंधित अदालत द्वारा केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया हैं वहीं खबर यह भी है कि निचली अदालत के इस फैसले को चुनौती देने हेतु सी बी आई संभवत: हाई कोर्ट का रुख कर सकती है। बहरहाल इस अदालती फैसले के बाद विपक्ष एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमलावर है। क्योंकि मोदी सरकार के दौरान ही अरविंद केजरीवाल के अलावा और भी कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की। इनमें गिरफ्तारियां भी हुईं, परन्तु अधिक. ांश मामलों में या तो जमानत मिली या मामले डिस्चार्ज हुए या फिर उन्हें अदालत से राहत मिली। उदाहरण स्वरूप झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हेमंत सोरेन को 2024 में ईडी द्वारा लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2026 में ईडी की कार्यवाही पर स्टे लगा दिया और वे रिहा होने के बाद पुन: मुख्यमंत्री बने। इसी तरह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी ने डन्क। स्कैम में हाईकोर्ट ने जांच की मंजूरी तो दे दी परन्तु लोकायुक्त ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। यूंही कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को ईडी द्वारा 466 करोड़ का FEMA नोटिस जारी किया गया व कई कारण बताओ नोटिस जारी किए गए परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इसी तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव,डी शिवकुमार,पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जैसे और भी कई नेताओं से ई डी व सी बी आई पूछताछ कर चुकी है। पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी पंचकूला के एजेएल जमीन आवंटन मामले में पंजाब/हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के खिलाफ आरोप तय किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें क्लीन चिट दे दी।

इसके आधार पर आरोप तय करने के सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया गया परन्तु केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यरत ईडी, सी बी आई या आयकर जैसे विभाग विपक्षी नेताओं पर कोई न कोई आरोप मढ़कर उन्हें न केवल परेशानियों में डाल देते हैं बल्कि इस तरह के आरोपों से उनके राजनैतिक चरित्र को भी दागदार बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। और सही मायने में जो वास्तव में भ्रष्ट होते हैं वे तो आनन-फानन में दल बदल कर भजपाई वाशिंग मशीन से गुजरकर चरित्रवान होने का प्रमाण पत्र हासिल कर लेते हैं और भय वश उपजी इस प्रीत के बदले में उन्हें कहीं मुख्यमंत्री तो कहीं उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद या अन्य उच्च पदों पर सुशोभित कर दिया जाता है। आंकड़े यूंही नहीं बताते कि ईडी ने 2014 से लेकर अब तक करीब 121 प्रमुख नेताओं पर मामले रजिस्टर्ड किए इन में 95 प्रतिशत विपक्षी नेता थे। और 2015 से 2025 तक ईडी द्वारा दर्ज 193 मामलों में केवल 2 ही दोष सिद्धियां हुईं। शेष अधिकांश मामलों में या तो अदालत ने आरोपियों को राहत दी या फिर सुबूतों के अभाव में मामले कमजोर पड़ गए। जहां तक केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के बाद उपजी सियासत का सवाल है तो जहां अदालती फैसला आते ही विपक्ष एकजुट होकर केजरीवाल के साथ खड़ा नजर आ रहा था वहीं केजरीवाल का बिलख बिलख कर रोते हुए मीडिया के सामने पेश होकर अपनी बेग. ुनाही का सुबूत देना चाह रहे थे और हद तो तब हो गई जबकि उसी दिन बुलाई गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे उन्हें जेल भेजने वाली भाजपा से भी ज्यादा कांग्रेस पर ही निशाना साधते नजर आए। सत्ता से सवाल पूछने के बजाए वे यह कहते सुनाई दिए कि केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गए? संजय सिंह जेल गए, क्या राहुल गांधी जेल गए? मनीष सिसोदिया जेल गए, क्या सोनिया गांधी जी जेल गईं? कांग्रेस किस मुंह से बात करती है, शर्म नहीं आती? जाहिर है यह केजरीवाल की राजनीतिक बयानबाजी का ही एक हिस्सा था, जिससे विपक्षी एकता कमजोर हुई। क्योंकि अब कांग्रेस भी पूछ रही है कि 30 से अधिक मामलों से जूझने वाले राहुल की आंखों में कभी आंसू नहीं आए तो केवल एक मामले का सामना करने में केजरीवाल का इसतरह मीडिया के सामने रोने का क्या अर्थ है? केजरीवाल के कांग्रेस विरोधी बयान को राजनैतिक विश्लेषक पंजाब, उत्तराखंड, गोवा व गुजरात में होने वाले आगामी चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं। और इसे आप व भाजपा की कांग्रेस विरोधी संयुक्त रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। यही वजह है कि केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के संकेत इसके सन्देश और इसके पीछे की सियासत आदि सभी पहलुओं को बहुत बारीकी से समझने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हवाई हमले को किया नाकाम

**काबुल।** पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया।

पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गई है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए। बयान में कहा गया, ष्बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ। पाकिस्तानी और अफगान सेनाओं के बीच झड़पें जारी हैं।

# ओमान के तेल टैंकर पर ईरान का हमला, चपेट में आए 15 भारतीय

**मस्कट।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब कई देशों तक फैलता दिखाई दे रहा है। अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई तेज हो गई है और खाड़ी क्षेत्र के अहम समुद्री, हवाई और आर्थिक ठिकाने निशाने पर आ गए हैं। ओमान के समुद्री इलाके से लेकर दुबई, इजरायल के हाइफा बंद. रगाह और सऊदी अरब की राजधानी रियाद तक धमाकों और हमलों की खबरों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। ओमान के मसंदम तट से करीब पांच नाटिकल मील दूर एक आयल टैंकर पर हमला किया गया। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर के मुताबिक स्कायलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोग घायल हुए।

# खामेनेई की मौत ने फारस की खाड़ी को बड़े संकट में डाला

## रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या से पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता फैलने का भारी खतरा

■ मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या ने बड़ा क्षेत्रीय संकट पैदा कर दिया है

■ खामेनेई के पास 35 से अधिक वर्षों तक ईरान की सेना न्यायपालिका और विदेश नीति पर निर्णायक अधिकार था

नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल के समन्वित सैन्य हमले में ईरानी सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ने पूरे फारस की खाड़ी को बड़े संकट में डाल दिया है। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता फैलने का भारी खतरा है। मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या ने बड़ा क्षेत्रीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके ईरान की आंतरिक स्थिरता के साथ-साथ व्यापक मुस्लिम जगत के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

इस हत्या के राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं के अलावा धार्मिक निहितार्थ भी हो सकते हैं। खामेनेई के पास 35 से अधिक वर्षों तक ईरान की सेना, न्यायपालिका और विदेश नीति पर निर्णायक अधिकार था। उनकी मौत से सत्ता में बड़ा शून्य पैदा हो गया है, क्योंकि किसी आधिकारिक उत्तराधिकारी का नाम घोषित नहीं किया गया है। एक अस्थाई शासी परिषद, जिसमें राष्ट्रपति, न्यायपालिका प्रमुख और गार्जियन काउंसिल के एक सदस्य शामिल हैं, ने नया नेता आने तक नियंत्रण संभाल लिया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीएस) ने गणतंत्र के इतिहास में 'सबसे विनाशकारी आक्रामक अभियान' का संकल्प लिया है। ईरान ने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों और क्षेत्रीय लक्ष्यों के खिलाफ पहले ही जवाबी मिसाइल हमले शुरू कर दिए हैं। यह संकट वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल और अस्थिरता पैदा करने की चेतावनी दे रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से समुद्र के रास्ते होने वाले तेल निर्यात का एक तिहाई हिस्सा गुजरता है। वहां किसी भी प्रकार का व्यवधान दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में भारी उछाल ला सकता है। ईरान ने पहले ही धमकी दी थी कि अगर उस पर हमला हुआ तो वह हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर देगा। हत्या रमजान में हुई है। यह समय ईरान और वैश्विक प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण धार्मिक आयाम जोड़ता है। इस पवित्र महीने के दौरान अयातुल्ला की हत्या 'बद्र की भावना' (एक ऐतिहासिक इस्लामी जीत का संदर्भ) का आह्वान करती है, जो प्रतिरोध के बजाय पूरे मुस्लिम जगत में एकजुटता और लचीलेपन की भावना जगा सकती है। यह हत्या इमाम अली की शहादत के साथ भी मेल खाती है, जो शियाओं के पहले इमाम और पैगंबर मोहम्मद के दामाद थे। रमजान के दौरान जब वह नमाज पढ़ा रहे थे, तब उन पर हमला हुआ था। विश्व स्तर पर लगभग 20-26 करोड़ शिया हैं, जो दुनिया की मुस्लिम आबादी का 10-15 प्रतिशत हिस्सा हैं। भारत में शियाओं की संख्या 3.5 करोड़ है, जो कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 15-20 प्रतिशत है और मुख्य रूप से लखनऊ, हैदराबाद, मुंबई और कश्मीर में केंद्रित हैं। करबला, इराक और जम्मू-कश्मीर में शियाओं के शोक और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। जम्मू-कश्मीर (श्रीनगर, बडगाम जिलों) में शिया समुदाय के बीच बड़े पैमाने पर शोक और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। दुनिया के कुछ हिस्सों में हालांकि शासन-विरोधी ईरानियों ने इसे दशकों के 'धर्मगुरुओं का शासन से मुक्ति' के रूप में मनाते हुए जश्न भी मनाया। भले ही अली खामेनेई की हत्या की व्यापक निंदा हो रही है, लेकिन मुस्लिम जगत विभाजित है। जहां कुछ रमजान के दौरान मारे गए इस नेता को शहीद के रूप में देखते हैं, वहीं अन्य उनकी मौत को ईरानी लोगों के लिए अपने देश पर फिर से दावा करने के अवसर के रूप में देखते हैं। ईरान ने 40 दिनों के शोक काल और सात सार्वजनिक अवकाशों की घोषणा की है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय क्षेत्रीय भड़काव का जोखिम उठा रहा है।

# खामेनेई की मौत पर भड़का रूस

**व्लादिमीर पुतिन ने जताई संवेदना, ईरानी राष्ट्रपति को भेजा शोक संदेश, खामेनेई की मौत को हत्या करार दिया**

**उत्तर कोरिया ने भी ईरान पर हमलों की निंदा की, हमलों को गैरकानूनी, अक्रामकता व राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया**



■ रूस में खामेनेई की एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा

■ रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा: पुतिन

**मास्को।** अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया। पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। यह मानवीय नैतिकता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रेमलिन ने जारी किया है।

पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा। रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इजरायल के हमले क्षेत्र को परमाणु संकट के कगार पर ले जा सकते हैं और तनाव को और बढ़ा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने पश्चिमी देशों के इस तर्क को खारिज किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करना चाहते था। उन्होंने इसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया। नेबेंज्या ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा, कूटनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा रखने के बावजूद एक बार फिर तेहरान की पीठ में छुरा घोंपा गया है। ईरान की ओर से इराक और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए नेबेंज्या ने कहा कि अमेरिका-इजरायल के हमलों ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और यह संघर्ष क्षेत्र से बाहर भी फैल सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय ने शनिवार अमेरिका और इजरायल के हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने इसे 'जानबूझकर पहले से योजना बनाकर और बिना उकसावे के किया गया सशस्त्र आक्रमण' करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला उस समय किया गया, जब वार्ता की प्रक्रिया फिर से शुरू हुई थी। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन हमलों से क्षेत्र मानवीय, आर्थिक और यहां तक कि रेडियोधर्मी आपदा के कगार पर पहुंच सकता है। उत्तर कोरिया ने भी अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों की निंदा की है। उसने इन हमलों को 'गैरकानूनी, आक्रामकता' और राष्ट्रीय संप्रुभता का उल्लंघन करार दिया। सरकारी मीडिया कोरिया सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से दी है। प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में अमेरिका का शामिल होना कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने अमेरिका के स्वभाव को वर्चस्ववादी और गैंगस्टर जैसा बताया और कहा कि ऐसी कार्रवाई उसी का नतीजा है। बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल की ओर से शुरू किया गया आक्रामकता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

## ईरान पर नए हमले के लिए इजरायल व अमेरिका को होगा पछतावाः ईरानी सेना

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ और खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने अमेरिका और इजरायल को चेतावनी दी है कि वे ईरान के खिलाफ इस नई आक्रामकता पर 'पछताएंगे'। रविवार को जारी एक संयुक्त बयान में इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की शहादत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया कि हम अपने नेक राष्ट्र की ताकत, दृढ़ता और समर्थन के साथ देश के दुश्मनों, विशेष रूप से अपराधी अमेरिका और दुष्ट जायोनी शासन को पछताने पर मजबूर कर देंगे। इसमें कहा गया कि दुनिया के स्वतंत्र लोगों के नेता और गुरु ( खामनेई) द्वारा हमारे लिए छोड़ी गई मूल्यवान विरासत, बहादुर और वीर ईरानी राष्ट्र तथा सशस्त्र बलों का मार्गदर्शक बल है। बयान के अनुसार कि हम अपने खून की आखिरी बूंद तक और दुश्मनों के आत्मसमर्पण तक उस बुद्धिमान और प्रभावशाली नेता के मार्ग पर चलते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को तेहरान में खामनेई के आवास पर इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए हमले में वह मारे गए थे।

# अफगान सीमा पर संघर्ष खतरनाक मोड़ पर पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष अब खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता सैन्य टकराव न सिर्फ क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए चिंता बढ़ा रहा है, बल्कि कूटनीतिक रिश्तों पर भी गंभीर असर डाल सकता है। इसी बीच सीमा पर बढ़ती झड़पों के बीच पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने हवाई और जमीनी कार्रवाई में 352 अफगान तालि. बान लड़ाकों और उनके सहयोगी आतंकी तत्वों को मार गिराया है। मामले में पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने बताया कि अब तक 352 तालिबान सदस्य मारे गए हैं और 535 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने 130 सैन्य चौकियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया और 26 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा 171 टैंक और बख्तरबंद वाहन भी तबाह किए गए हैं। पाकिस्तान ने 41 ठिकानों पर सटीक हवाई हमले करने का भी दावा किया है।

# पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग से दो खेमों में बंटी दुनिया

■ बड़गाम से बर्लिन तक, कहीं खामेनेई के पक्ष, तो कहीं विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग ने पूरी दुनिया को दो स्पष्ट कूटनीतिक ध्रुवों में विभाजित कर दिया है। शनिवार सुबह जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के मिसाइल उद्योग व उसकी नौसेना को नेस्तनाबूद करने के लिए बड़े सैन्य अभियान की घोषणा की, तो वैश्विक राजनीति की लकीरें और गहरी हो गईं। ईरान में हुए मिसाइल हमलों के बाद वाशिंगटन ने इसे ईरानी शासन से खतरों को खत्म करने का मिशन बताया है।

इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इसे अस्तित्व की रक्षा के लिए उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे ईरानी जनता को अपना भाग्य खुद चुनने का अवसर मिलेगा। संघर्ष शुरू होने के बाद भारत के कश्मीर से लेकर जर्मनी व ब्रिटेन तक कहीं इसके विरोध तो कहीं पक्ष में प्रदर्शन हुए हैं। ईरान के हमले की कई इस्लामी देशों ने भी आलोचना की है और अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले का समर्थन किया है। यूक्रेन, कतर, यूएई, बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब आदि देशों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। यूएई ने ईरान के हमले को कायराना हरकत करार देते हुए जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही है, जबकि सऊदी अरब ने इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेता. वनी दी है। यूक्रेन ने भी इस तनाव के लिए सीधे तौर पर ईरान के आंतरिक दमन और हालिया महीनों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है। यूरोपीय संघ, जर्मनी, फ्रांस व ब्रिटेन ने ईरान से अंधाधुंध सैन्य कार्रवाई रोकने व वार्ता दोबारा शुरू करने की अपील की।

# खामेनेई की मौत के बाद अमेरिका में विरोध प्रदर्शन व जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिकी और इजरायली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अमे. रिकी शहरों में लोगों के समूह सड़कों पर उतर आए, जिनमें से कुछ ईरान पर हमलों का जश्न मना रहे थे जबकि अन्य इनके विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। गौरतलब है कि ईरानी सरकारी टेलीविजन ने रविवार को खामेनेई की मौत की पुष्टि की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के अनुसार, शनिवार को अमेरिका द्वारा किए गए मिसाइल हमले में उनकी मृत्यु हुई। लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लोग जश्न के संगीत की धुन पर एक-दूसरे को गले लगा रहे थे और नाच रहे थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई की मौत की खबर सुनकर कई लोग भावुक दिखे। प्रदर्शनकारियों को ट्रम्प को धन्यवाद! के नारे लगाते सुना गया।




# इजरायल का हाइफा बंदरगाह सुरक्षितः अदानी पोर्ट्स

**नई दिल्ली।** अदानी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने रविवार को कहा कि इजरायल में उसके स्वामित्व वाला हाइफा बंदरगाह सुरक्षित है और वहां काम करने वाले लोगों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। कंपनी ने उस बंदरगाह का परिचालन कर रही अपनी अनुषंगी हाइफा पोर्ट कंपनी के हवाले से एक बयान में कहा कि वहां बंद. रगाह का ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अदानी पोर्ट के बयान में कहा गया है कि हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह से सुरक्षित और परिचालन स्थिति में हैं।

# खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

■ दो साल से सत्ता संभालने की ट्रेनिंग ले रहे थे, आखिरी फैसला 88 मौलवी करेंगे

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है।

ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया 'फार्स' समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी। ईरान में सुप्रीम लीडर को 'रहबर' कहा जाता है। 'रहबर' का मतलब है, मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है। दुनिया में ईरान और वेटिकन सिटी ही ऐसे देश हैं जहां धार्मिक नेता सबसे ज्यादा ताकतवर हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का दर्जा ठीक वैसा ही है, जैसा वेटिकन में पोप को हासिल है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को साल 2024 में उत्तराधिकारी बनाया था। खामेनेई ने बीमारी के चलते यह फैसला लिया था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितम्बर 2024 को ही नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गोपनीय तरीके से उत्तरा. धिकारी पर फैसला लेने कहा था। खामेनेई की मौत के बाद अब मुजतबा सार्वजनिक रूप से सुप्रीम लीडर के दावेदार के तौर पर सामने आ सकते हैं। मुजतबा अपने पिता की तरह ही इस्लामिक मामलों के जानकार हैं। वे पहली बार 2009 में दुनिया की नजरों में आए। उन्होंने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला, जिसमें कई लोग मारे गए। तब राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी नेता महमूद अहमदीने. जाद को सुधारवादी नेता मीर होसैन मौसवी पर जीत मिली थी।

# ईरान ने की राष्ट्रपति ट्रम्प को मारने की कोशिश

■ अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में किया बड़ा दावा, ईरानी सरकार ने ट्रम्प को सीधे और प्राक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मौत हो गई है। कल तड़के सुबह इजरायल ने ईरान के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका ने बड़ा दावा किया। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरानी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे और प्राक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की।

यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान 47 वर्षों से लगातार 'अमेरिका को मौत' का नारा दे रहा है और इजरायल को समाप्त करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने ईरान पर अमे. रिका और इजरायल के खिलाफ हमले करने, यूएन चार्टर का उल्लंघन करने और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान ने ट्रम्प को मारने के प्रयास किए और खुद को पीड़ित बताते हुए अपनी कार्रवाइयों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की गति. विधियां अमेरिका, उसके सैनिकों, बेस, सहयोगियों और दुनिया भर के पार्टनर्स के लिए खतरा हैं। अमेरिकी-इजरायल आप. रेशन को लेकर अमेरिका ने यूएनएससी में कहा कि यह यूएन चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत, देश और उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैध कदम है। वाल्ट्ज ने यह भी बताया कि ईरानी लोग इन हमलों पर शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि जश्न मना रहे हैं, शायद वे अपनी आजादी की उम्मीद जता रहे हैं।

